इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26



वर्ष- 45 अंक - 319 राजनांदगांव, रविवार 11 अक्टूबर 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

सीजेपी का ऐलान- आज फिर जंतर-मंतर पर प्रदर्शनः पहले दिन पुलिस का बड़ा एक्शन, 3,000 हिरासत में; मेट्रो-ट्रेन पाबंदियों पर सुप्रीम कोर्ट में रविवार को होगी सुनवाई

नइ दिल्ली। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के जंतर-मंतर प्रदर्शन को लेकर शनिवार को दिनभर राजनीतिक हलचल और पुलिस कार्रवाई देखने को मिली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर रोक की मांग को लेकर बुलाए गए प्रदर्शन को दिल्ली पुलिस ने अनुमति नहीं दी थी।

अभिजीत दीपके विमान के अंदर से गिरफ्तार

इसके बावजूद सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली एयरपोर्ट पर विमान के अंदर से हिरासत में लिया गया। जंतर-मंतर पहुंचने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों को कनॉट प्लेस, बंगला साहिब, INA और अन्य इलाकों में भी हिरासत में लिया गया। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी समेत कई विपक्षी नेताओं को भी हिरासत में लिया गया। शाम तक ममता बनर्जी समेत सभी नेताओं और महिला प्रदर्शनकारियों को रिहा कर दिया गया। सीजेपी ने दीपके का पहले से रिकॉर्ड किया गया वीडियो जारी कर बताया कि उनकी गैरमौजूदगी में अजिंक्य शिंदे आंदोलन की अगुवाई करेंगे। शिंदे ने ऐलान किया कि पार्टी के समर्थक रविवार को फिर जंतर-मंतर तक मार्च करेंगे और मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे। इस बीच, जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने कहा कि यदि हिरासत में लिए गए नेताओं को रविवार तक रिहा नहीं किया गया, तो वह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल या पैदल मार्च पर विचार करेंगे। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। सुरक्षा कारणों से दिल्ली मेट्रो के 45 स्टेशनों पर प्रवेश और निकास पर प्रतिबंध रात 10 बजे तक लागू रहे। दिल्ली पुलिस के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान करीब 3,000 लोगों को हिरासत में लिया गया। अब रविवार को सीजेपी के दोबारा मार्च, प्रदर्शन से जुड़ी पाबंदियों और मेट्रो-ट्रेन सेवाओं पर रोक को लेकर सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तावित विशेष सुनवाई पर नजर रहेगी।



दिल्ली में सीजेपी प्रदर्शन के दौरान नेताओं की लगातार हो रही गिरफ्तारी पर पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भारत की स्थिति को अघोषित आपातकाल करार दिया और कहा कि एक दिन पहले ही शांति और एकजुटता की अपील की गई थी, लेकिन आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सभी नेताओं को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कल तक सभी नेताओं को रिहा नहीं किया गया, तो वे अनशन शुरू करेंगे।



सीजेपी प्रदर्शनः पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल और पिनरई विजयन हिरासत में लिए गए

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के दौरान दिल्ली में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गईं। प्रदर्शन में शामिल होने जा रहीं पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उनके साथ तृणमूल कांग्रेस के पांच सांसदों को भी पुलिस वैन में बैठाकर अज्ञात स्थान पर ले जाए जाने की खबर है। हिरासत में लिए गए सांसदों में डेरेक ओ'ब्रायन, डोला सेन, प्रतिमा मंडल, समीरुल इस्लाम और साकेत गोखले शामिल हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी हिरासत में लिए जाने की सूचना है। पुलिस ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनरई विजयन को भी हिरासत में लिया है। वह सीजेपी के प्रदर्शन को समर्थन देने के लिए जंतर-मंतर की ओर जा रहे थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

अभिजीत दिपके की मां बोली- सरकार गलत कर रही; पिता ने कहा- शायद लोकतंत्र नहीं बचा

नईदिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इस बीच उनके माता-पिता की प्रतिक्रिया सामने आई है। उनकी मां अनीता दिपके ने कहा कि उनके बेटे के साथ जो हो रहा है, उससे उन्हें बहुत दुख है। वहीं, उनके पिता भगवान दिपके ने कहा, भारत के इतिहास में यह पहली घटना है जब किसी छात्र को गिरफ्तार किया गया है। अनीता ने कहा, उन्होंने बहुत गलत किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

वोट चोरी विवादः 'आपको सिस्टम पर शक है या नतीजों पर', चुनाव आयोग के समर्थन में उतरे 124 पूर्व आईएएस-आईएफएस अधिकारी

नई दिल्ली। देश में वोट चोरी, मतदाता सूची में गड़बड़ी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जारी राजनीतिक विवाद के बीच 124 पूर्व नौकरशाहों और राजनयिकों ने चुनाव आयोग के समर्थन में खुला पत्र जारी किया है। पूर्व आईएएस और आईएफएस अधिकारियों के इस समूह ने चुनावी धांधली के आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे गंभीर दावों के लिए ठोस सबूत जरूरी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना प्रमाण बार-बार चुनावों को धांधली वाला बताने से लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का भरोसा कमजोर होता है।

यह पत्र ऐसे समय आया है, जब विपक्षी दल चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठा रहे हैं। शनिवार को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल होने की



कोशिश के दौरान कई विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिया गया। इनमें चार पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल थे।

चुनाव आयोग के समर्थन में क्यों आए पूर्व अधिकारी?

पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले पूर्व अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने अपने करियर के दौरान चुनाव कराने, मतदाता सूची तैयार करने और चुनावी प्रक्रिया की निगरानी करने जैसे महत्वपूर्ण काम किए हैं। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम की व्यवस्था का भी जिक्र किया। समूह ने पत्र में स्पष्ट किया कि उनका किसी राजनीतिक दल से संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनावों में धांधली के आरोप बिना ठोस प्रमाण के लगाए जाने और उन्हें लगातार दोहराए जाने से लोकतंत्र में नागरिकों का भरोसा प्रभावित होता है। पत्र में लिखा गया, हम किसी पार्टी से नहीं जुड़े हैं। हम इसलिए लिख रहे हैं क्योंकि अब बिना किसी सबूत के हमारे चुनावों के लिए धांधली शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। इसे बार-बार दोहराने से उस लोकतांत्रिक भरोसे को चोट पहुंचती है, जो हम सभी का है। पूर्व नौकरशाहों ने अपने पत्र में पुराने चुनावों के दौरान होने वाली हिंसा और अनियमितताओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले कई इलाकों में बूथ कैप्चरिंग, मतपेटियों को लूटने या (शेष पृष्ठ 6 पर...)

राहुल गांधी का पीएम मोदी-आरएसएस पर हमलाः कहा- हम राष्ट्रपति को वोट चोरी के सबूत देंगे, हम गिरफ्तारी से नहीं डरते

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी, अमित शाह, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और अन्य लोगों पर तीखा हमला बोला है। राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने युवाओं से विरोध जारी रखने की अपील भी की।

राहुल ने मोदी-आरएसएस को दी चुनौती

राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में दावा किया कि वह नरेंद्र मोदी, आरएसएस और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ एक दशक से ज्यादा समय से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने राजनीतिक विरोधियों को अच्छी तरह समझते हैं और उनकी रणनीतियों से वाकिफ हैं। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में लिखा कि उनके विरोधियों की सबसे बड़ी पहचान कायरता है। उन्होंने नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत,



वीडियो साझा कर कहा इनकी सबसे बड़ी पहचान कायरता

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का नाम लेते हुए दावा किया कि ये लोग धीरे-धीरे घिरते जा रहे हैं और इनके चारों तरफ दायरा सिमट रहा है।

जितनी पुलिस बुलानी है, बुला लीजिए

राहुल गांधी ने अपने संदेश में पुलिस बल की तैनाती और गिरफ्तारियों को लेकर भी चुनौती दी। उन्होंने लिखा कि सरकार चाहे तो 10 हजार, 20 हजार या 50 हजार पुलिसकर्मी बुला ले। उन्होंने सभी नेताओं और युवाओं को गिरफ्तार करने की बात कहते हुए कहा कि वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि उन्हें जिस जानकारी की जरूरत है, वह पहले से उनके पास है। हालांकि, पोस्ट में उन्होंने इस जानकारी का विस्तृत ब्योरा नहीं दिया।

संविधान की रक्षा करने की कही बात

राहुल गांधी ने अपने संदेश में संविधान की रक्षा और जनता की आवाज को सुरक्षित रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि पिछले 10-15 वर्षों में देश के साथ जो हुआ, वैसा दोबारा न हो। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि संविधान पर हमला करने वालों को शिकस्त दिलाने के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा। राहुल गांधी ने देश के युवाओं को संबोधित करते (शेष पृष्ठ 6 पर...)



आप की परछाई है सीजेपी, लोगों ने अराजकता को नकारा-रविशंकर प्रसाद

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन को लेकर भाजपा ने निशाना साधा है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने इस मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, आज जो दिनभर चला है और इससे पहले 3 दिन जो चला है, उससे दो बातें साफ हैं- पहली बात, अराजकता को प्रोत्साहित करने की कोशिश को भारत के लोकतंत्र ने ध्वस्त किया है। दूसरी बात, देश संसद से चलेगा, सड़क से नहीं। भाजपा नेता ने कहा, कल रिजल्ट आए। असम में भाजपा जीती, नंदीग्राम में जीती और एक क्षेत्र जहां 70 प्रतिशत से अधिक अल्पसंख्यक मतदाता हैं, वहां भी भाजपा 70 हजार से अधिक मतों से जीती, पुदुचेरी में भी एनडीए ही जीता है। ये सब चुनाव तब हुए हैं, जब दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से ये अराजकता फैलाने की खुराफात की जा रही है। रविशंकर प्रसाद ने कहा, हम प्रदर्शन के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन आपने अपनी हार के कारण सड़क के प्रदर्शन को हथियार बना लिया है। हम अराजकता के खिलाफ हैं। प्रदर्शन में भी कमाल है, एक प्रतिस्पर्धा है। पहले 3 दिन राहुल गांधी रहे, वो चले गए। फिर आ गए आम आदमी पार्टी के लिए शैडो बॉक्सिंग वाले (शेष पृष्ठ 6 पर...)



अमेरिकी चुनाव से पहले डीजल महंगा, ट्रम्प रूस से खरीदेंगेः इसी वजह से भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ की धमकी; जेलेंस्की बोले - पैसा जंग में इस्तेमाल होगा


वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूसी डीजल खरीदने पर लगी रोक 7 अप्रैल 2027 तक हटा दी है। अब अमेरिका रूस से डीजल खरीद सकेगा। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था। इसके बाद अमेरिका ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिए थे। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब ईरान जंग के बाद अमेरिका में डीजल की कीमतें बढ़ गई हैं। फिलहाल वहां डीजल करीब 6.28 डॉलर प्रति गैलन बिक रहा है, जबकि जंग से पहले इसकी कीमत करीब 3.70 डॉलर थी। अमेरिका में 3




नवंबर को मिडटर्म चुनाव होने हैं। ऐसे में ईंधन की बढ़ती कीमतें ट्रम्प प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई हैं। कीमतें कम करने के लिए ट्रम्प तेल और डीजल की सप्लाई बढ़ाने जैसे कदम उठा रहे हैं। हालांकि, इस फैसले पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इससे रूस को पैसा मिलेगा, जिसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ करेगा। खास बात यह है कि सितंबर में ही ट्रम्प ने ऐसे कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले भारत और चीन जैसे देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जा सकता है। ट्रम्प ने बताया कि रूस तुरंत 3 लाख टन से ज्यादा डीजल भेजेगा। इसके बाद नवंबर में 5 लाख (शेष पृष्ठ 6 पर...)

शराब घोटाले के आरोपित कांग्रेस नेता तक पहुंचाए गए 52 करोड़ रुपये, ईडी ने दाखिल किया आरोप पत्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में हुए शराब घोटाले में ईडी ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के खिलाफ विशेष कोर्ट में एक और आरोप पत्र शुक्रवार को दाखिल किया है। इसमें दावा किया गया है कि शराब घोटाले के मुख्य आरोपित अनवर ढेबर के सहयोगी दीपेन चावड़ा के माध्यम से करीब 52 करोड़ रुपये रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाए गए थे। ईडी ने आरोप पत्र में दीपेन चावड़ा और निखिल चंद्राकर के बयानों का हवाला देते हुए कथित लेन-देन का विवरण दिया है। मामले में अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी। ईडी के अनुसार, अनवर ढेबर का सहयोगी दीपेन चावड़ा नकद लेकर अग्रवाल के करीबी व कांग्रेस भवन के कर्मी देवेंद्र डड़सेना तक पहुंचाता था। इसके बाद देवेंद्र के माध्यम से कथित तौर पर रकम रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाई जाती थी। करीब 127 करोड़ रुपये के कस्टम मिलिंग घोटाले में भी रामगोपाल अग्रवाल को आरोपित बनाया गया है। बता दें कि इसी प्रकरण में रामगोपाल को ईडी ने गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए 13 अक्टूबर तक रिमांड पर लिया है।







ब्लिंकिट गोदाम से लिए गए पनीर व दूध में मिला सीसा (लेड), मानक से तीन गुना अधिक मात्रा पाई गई

खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच रिपोर्ट में खुलासा, कान्हा व गोवर्धन डेयरी संचालकों पर प्रकरण दर्ज, कार्रवाई तेज

राजनांदगांव (दावा)। त्योहारी सीजन की शुरुआत के बीच शहर में मिलावटी और अमानक खाद्य उत्पादों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बीते अगस्त माह में शहर स्थित ब्लिंकिट के गोदाम से लिए गए दूध और पनीर के नमूनों की जांच रिपोर्ट में घातक सीसा (लेड) की अत्यधिक मात्रा पाई गई है। रिपोर्ट आने के बाद विभाग ने संबंधित गोदाम और डेयरी संचालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग की टीम ने ब्लिंकिट गोदाम से गोवर्धन पनीर के 500 ग्राम पाउच और दूध के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे थे। लैब रिपोर्ट के अनुसार, गोवर्धन पनीर के नमूने में लेड की मात्रा 0.06 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम पाई गई, जो तय मानक से लगभग तीन गुना अधिक है। वहीं डेयरी से संकलित दूध के नमूने में इसकी मात्रा 0.051 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम दर्ज की गई।

मानक से कई गुना ज्यादा जहर, मानव स्वास्थ्य के लिए घातक

खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुसार खाद्य उत्पादों में लेड (सीसा) की मात्रा किसी भी स्थिति में 0.02 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम से अधिक नहीं होनी चाहिए। जांच रिपोर्ट में अत्यधिक मात्रा मिलने से यह स्पष्ट हो गया है कि उक्त पैकेज्ड फूड और डेयरी उत्पाद जनस्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक और धीमे जहर के समान हैं। एन त्योहारों के पूर्व आई इस चौंकाने वाली जांच रिपोर्ट के बाद विभाग सख्त रुख अपनाए हुए है। इस सिलसिले में शहर की कान्हा डेयरी एवं गोवर्धन डेयरी के यहां छापामार कार्रवाई के बाद उनके उत्पादों के भी अमानक पाए जाने की पुष्टि हुई है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संबंधित डेयरी व्यवसायियों और फर्म के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कानूनी व दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

पहला कॉलम...

छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल के उपाध्यक्ष बनने पर कमल किशोर साहू का सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल के उपाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता कमल किशोर साहू के मनोनयन पर टैक्स बार एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा उनका आत्मीय सम्मान किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता हिरेंद्र देवांगन, छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश एच. लाल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बृजकिशोर सूरजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कमल किशोर साहू का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। यह उपलब्धि स्थानीय टैक्स बार एसोसिएशन के लिए विशेष गौरव का विषय है, क्योंकि राजनांदगांव के दो प्रमुख सदस्यों को राज्य स्तरीय काउंसिल में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता कमल किशोर साहू जहां उपाध्यक्ष बने हैं। वहीं अधिवक्ता सत्यप्रकाश मिश्रा को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे जिले के कर अधिवक्ताओं को राज्य स्तर पर अपनी सशक्त भूमिका निभाने का अवसर प्राप्त हुआ है। एसोसिएशन के सचिव मयंक शर्मा, उपाध्यक्ष सुधीर राठी, कोषाध्यक्ष मनमोहन साहू, सहसचिव यशवंत देशमुख एवं श्रीमती तिलेश्वरी देवांगन ने भी दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। सदस्यों ने विश्वास जताया कि दोनों पदाधिकारी कर अधिवक्ताओं की समस्याओं, उनके हितों तथा आयकर एवं जीएसटी से जुड़े जटिल विषयों को राज्य स्तर पर प्रमुखता से उठाने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में महेश प्रसाद शर्मा, लोकेश चौहान, भागवत साहू, आयुष्मान वर्मा, पुष्पा रामटेके, ललित सांखला, अशोक साहू, लक्ष्मीकांत साहू, कृष्णकांत पटेल, अभय सांखला, निरंजननाथ शर्मा, लीला यादव, आसिम अहमद, येनेश्वर सिंह, पंकज गंगवानी, ढाल सिंह साहू, लोकेश अग्रवाल, पवन मिश्रा, धन्ना लाल यादव सहित बड़ी संख्या में कर अधिवक्ता उपस्थित रहे।

आज शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास छात्र संघ का शपथ

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के छात्र संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 11 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे रामकृष्ण नगर (जी.ई. रोड) स्थित गोंडवाना भवन में संपन्न होगा। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष एम.डी. ठाकुर करेंगे।

राजपरिवार के जोगेश सिंह गहरवार का निधन



खैरागढ़ (दावा)। राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य जोगेश सिंह गहरवार (73 वर्ष) का शनिवार की सुबह रायपुर स्थित बालाजी हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन का समाचार मिलने से परिजनों, परिचितों एवं शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है। जोगेश सिंह गहरवार, आईएनएच के संवाददाता एवं जिला पत्रकार संघ के कोषाध्यक्ष श्रेयांश सिंह 'बाबुल' के मामा थे। जोगेश सिंह गहरवार की अंतिम यात्रा शनिवार दोपहर 1 बजे उनके निज निवास से निकली और राजपरिवार के लालपुर स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनको मुखाग्नि उनके भांजे श्रेयांस सिंह (बाबूल) ने दी।





राजकुमार शर्मा पुन : स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक, अनिमेष राय बने सह संयोजक



राजनांदगांव (दावा)। 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प और स्वदेशी भाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक स्थानीय पुराने रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्ययोजना, विस्तार और स्वदेशी चिंतन को समाज के अंतिम व्यक्ति तक ले जाने पर गहन मंथन किया गया। प्रांत सह संयोजक दिनेश पाटिल, मार्गदर्शक अजय तिवारी, दुर्ग संभाग संयोजक पोषण साहू एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ता चिराग यादव की उपस्थिति में नवीन पदाधिकारियों की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से राजकुमार शर्मा को पुनः जिला संयोजक और अनिमेष राय को सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत सह संयोजक दिनेश पाटिल ने कहा, स्वदेशी केवल वस्तुओं के उपयोग तक सीमित नहीं है। बल्कि यह एक सशक्त विचार है, जो भारत के स्वाभिमान और आर्थिक स्वतंत्रता का मूलमंत्र है। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर समाज में स्वावलंबन की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।

घोषित कार्यकारिणी के प्रमुख दायित्व

स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक राकेश इंदुभूषण ठाकुर, सह समन्वयक श्रीमती सुधा पवार, महिला कार्य प्रमुख में मोना गोसाई व संगीता शुक्ला, विचार विभाग में डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी, संघर्ष वाहिनी प्रमुख में सुरेन्द्र पाल सिंह भाटिया, पर्यावरण प्रमुख में डॉ. ओमकार लाल श्रीवास्तव, कोष प्रमुख भावेश अग्रवाल, कार्यालय प्रमुख कांति मौर्य, संपर्क प्रमुख में भगवान झा, प्रचार प्रमुख अखिलेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ आयाम प्रमुख पं. सुनील बाजपेयी, पत्रिका प्रमुख फातिमा बी सोलंकी, युवा आयाम प्रमुख आकाश त्रिपाठी, राजीव दीक्षित विचार मंच हरीश गांधी एवं जिला इकाई दायित्व संयोजक श्रीमती रितु रायजादा एवं उनकी टोली आदि है। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु प्रसाद साव, चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष कमलेश बैद, कैट अध्यक्ष राजू डागा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रचार प्रमुख अखिलेश श्रीवास्तव ने किया।

आज विराजेंगी जगतजननी मां दुर्गे : शारदीय नवरात्र का आगाज, मंदिरों में होगी घट स्थापना

गजकेसरी व शश राजयोग के दुर्लभ संयोग में मनेगा शक्ति आराधना का पर्व, डोंगरगढ़ पदयात्रियों के लिए सजे सेवा पंडाल



राजनांदगांव (दावा)। क्वांर मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर आज 11 अक्टूबर से नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र पर्व का श्रद्धा और उल्लास के साथ शुभारंभ हो रहा है। शहर सहित समूचे अंचल के देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच घट स्थापना की जाएगी तथा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होंगे। इसी के साथ दुर्गोत्सव पंडालों में जगज्जननी मां दुर्गा की प्रतिमाएं बाजे-गाजे के साथ स्थापित की जाएंगी। नगर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला मंदिर, महामाया मंदिर, पाताल भैरवी, काली माई, चंडी मंदिर, वैष्णवी मंदिर, दुर्गा मंदिर, भानेश्वरी मंदिर सिंघोला, माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ तथा करेला भवानी सहित सभी शक्ति स्थलों में नौ दिनों तक जप, तप, पूजा-उपासना और माता सेवा की गूंज रहेगी। ग्रामीण अंचलों में मांदर-ढोलक की थाप और झांझ-मंजीरों के साथ जसगीत व जगराता का दौर चलेगा। ज्योतिषी दिवाकर बाजपेई के अनुसार इस वर्ष शारदीय नवरात्र अनेक विशिष्ट व दुर्लभ ज्योतिषीय संयोगों में प्रारंभ हो रहा है। देवगुरु बृहस्पति व चंद्रमा की शुभ स्थिति से गजकेसरी योग बन रहा है, जो पद, प्रतिष्ठा और समृद्धि के लिए अत्यंत फलदायी है। वहीं कुंभ राशि में शनि के प्रभाव से शश राजयोग की स्थिति निर्मित हो रही है। लगभग 58 वर्ष बाद हस्त नक्षत्र और शुक्ल योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। घट स्थापना के लिए सुबह 6:32 से 10:26 बजे तक का समय तथा इसके बाद 11:15 से 11:55 बजे तक का अभिजीत मुहूर्त विशेष रूप से शुभ रहेगा। माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ रवाना होने वाले पदयात्रियों की सेवा के लिए शहर में जगह-जगह सेवा पंडाल सज गए हैं। रानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने नगर निगम का मुख्य सेवा पंडाल लगाया गया है, जहां पदयात्रियों के लिए प्राथमिक उपचार, दवाइयां व विश्राम की व्यवस्था है। प्रशासन द्वारा अंजोरा बायपास से नेशनल हाईवे पर पदयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर वन-वे व्यवस्था की जा रही है। डीएसपी श्री बाजपेई के अनुसार, अंजोरा से लेकर राम दरबार मंदिर तक व्यवस्था सुचारु कर दी गई है। शहर प्रवेश, बल्देव बाग, बीएनसी मिल रोड तथा ममता नगर-मोतीपुर से डोंगरगढ़ जाने वाले मार्गों पर पर्याप्त रोशनी व सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। जिससे पदयात्रियों को सुगम और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

खेत में काम करने गया था परिवार, सूने मकान से साढ़े 4 लाख के जेवर व नगदी पार

राजनांदगांव (दावा)। घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहेराभांठा में दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। परिवार के खेत में काम करने जाने के दौरान सूने मकान का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर पेटी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी सहित कुल 4 लाख 55 हजार रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम बहेराभांठा निवासी किसान सुबह करीब 10 बजे भोजन करने के बाद घर के सभी कमरों में ताला लगाकर अपनी पत्नी पार्वती वर्मा के साथ



साइकिल से खेत गया हुआ था। खेत में बोर मशीन का काम चल रहा था। काम में अधिक समय लगने की बात कहकर किसान ने दोपहर में अपनी पत्नी को वापस घर भेज दिया। दोपहर करीब 1 बजे जब पार्वती वर्मा घर पहुंचीं, तो मुख्य हॉल का ताला टूटा हुआ देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल अपने भतीजे आयुष वर्मा के फोन से पति को घटना की सूचना दी।

पेटी का ताला तोड़कर जेवर व नगदी से भरा बैग ले उड़े चोर

सूचना मिलते ही किसान जब घर पहुंचा, तो अंदर कमरे में रखी पेटी का ताला भी टूटा मिला और उसमें रखा बैग गायब था। बैग में लगभग 3 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के सोने के जेवरात–दो जोड़ी टॉप्स, एक जोड़ी झुमके, सोने की 12 पुरानी पत्तियां व एक ताबीज रखे हुए थे। इसके साथ ही चोरों ने करीब 1 लाख रुपये मूल्य के चांदी के जेवर–एक जोड़ी लच्छा, एक जोड़ी पैर पट्टी व दो जोड़ी पुरानी बिछिया तथा 5 हजार रुपये नगद भी पार कर दिए। पीड़ित किसान की रिपोर्ट पर घुमका पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच व पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

जीएसटी परिषद के फैसलों से व्यापारियों को मिलेगी राहत, कैट ने किया स्वागत

राजनांदगांव (दावा)। जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में व्यापार एवं उद्योग जगत के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की राजनांदगांव जिला इकाई ने स्वागत किया है। कैट ने इन फैसलों को व्यापारियों के लिए राहतकारी बताते हुए कहा कि इससे जीएसटी प्रक्रिया सरल होगी और अनावश्यक अनुपालन का बोझ घटेगा। कैट पदाधिकारियों के अनुसार प्रक्रियागत सरलीकरण से विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम कारोबारियों को लाभ पहुंचेगा। गिरफ्तारी संबंधी प्रावधानों में बदलाव से ईमानदार व्यापारियों में बना भय दूर होगा। वहीं, सामान्य जुर्माने की अधिकतम सीमा 25 हजार रुपये से घटाकर 10 हजार रुपये किए जाने की सिफारिश से छोटे व्यापारियों को सीधी राहत मिलेगी। इसके साथ ही जीएसटी रिफंड प्रक्रिया को स्वचालित करने, पंजीयन व रिटर्न व्यवस्था को सहज बनाने तथा ई-वे बिल नियमों में ढील जैसे कदम 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देंगे। छोटे ऑनलाइन विक्रेताओं के लिए अंतरराज्यीय व्यापार हेतु सरल पंजीयन सुविधा भी सकारात्मक पहल है। कैट का मानना है कि नियमों का पालन जितना सहज होगा, कारोबार में पारदर्शिता उतनी ही बढ़ेगी। जटिल प्रक्रियाओं से मुक्ति मिलने पर व्यापारी व्यवसाय विस्तार, रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों में अधिक योगदान दे सकेंगे। जीएसटी परिषद के फैसलों का स्वागत करने वालों में कैट के प्रदेश संरक्षक अनिल बरड़ीया, जिला अध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, संजय लड्ढा, सागर चित्तलांगिया, विकास साहू, सूरज बुद्धदेव, लक्ष्मण लोहिया, अशोक पांडे, अमित खंडेलवाल, प्रकाश कांकरिया, राजा मखीजा एवं सीए राजेश जैन शामिल हैं।

सेवा संकल्प अभियान : कल बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में लगेगा मेगा कैंप

राजनांदगांव (दावा)। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'सेवा सेतुः सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत नगर पालिक निगम द्वारा वार्डों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। महापौर मधुसूदन यादव के मार्गदर्शन में 1 से 14 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तृतीय चरण में 12 अक्टूबर को बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में वृहद मेगा कैंप आयोजित होगा।

निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की मूलभूत समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है। इससे पूर्व 1 अक्टूबर को चिखली स्कूल तथा 5 अक्टूबर को नगर निगम परिसर में शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। सोमवार को आयोजित होने वाला यह शिविर प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसमें विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 37 से 46 तक तथा वार्ड क्रमांक 48 के नागरिकों की मांग व शिकायतों से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। निगम आयुक्त ने संबंधित वार्डों के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के समाधान एवं योजनाओं के लाभ हेतु 'सेवा सेतु' शिविर का लाभ उठाएं।

क्वांर नवरात्रि : पदयात्रियों की सुविधा के लिए नगर निगम ने की व्यापक व्यवस्था

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर के निर्देशानुसार 11 से 19 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले क्वांर नवरात्रि पर्व के दौरान डोंगरगढ़ जाने वाले दर्शनार्थियों एवं पदयात्रियों की सुविधा के लिए नगर निगम ने शहर में व्यापक प्रबंध किए हैं। शहर के सेवा पंडालों और मुख्य मार्गों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंप दिए हैं। निगम आयुक्त ने बताया कि संपूर्ण व्यवस्था के लिए प्रभारी कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम (मो. 83197-26288) को नोडल अधिकारी एवं प्रभारी सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू (मो. 78285-23391) को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

शुभांक

अनुमानित बी. के.
359-7 567-8

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित समस्त शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर आधारित मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। - सम्पादक

मोहारा आश्रम में सामूहिक श्राद्ध : 150 श्रद्धालुओं ने किया पितरों का तर्पण, भंडारे का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। पितरों की सद्गति, मोक्ष एवं आत्मिक शांति की कामना को लेकर श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में मोहारा बायपास रोड स्थित संत श्री आसारामजी आश्रम में सामूहिक श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में लगभग 150 श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वैदिक विधि-विधान व पूर्ण श्रद्धा के साथ अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्धकर्म एवं तर्पण किया। समिति के प्रमुख रोहित चंद्राकर, टीके चंद्राकर एवं महेश रायचा ने बताया कि श्राद्ध कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रारंभ हुआ। विधि-विधान से तर्पण व श्राद्धकर्म संपन्न होने के पश्चात दोपहर में शास्त्रोक्त कुतुप काल के दौरान वृहद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।



ऋषि ऋण, पितृ ऋण व देव ऋण से मुक्ति का माध्यम

शास्त्रों के अनुसार श्राद्धकर्म को देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति का प्रमुख साधन माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, श्रद्धापूर्वक किया गया तर्पण न केवल पूर्वजों को शांति प्रदान करता है, बल्कि साधक को आयु, यश, कीर्ति, सद्बुद्धि एवं सुख-समृद्धि का आशीर्वाद भी दिलाता है। अपने पितरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में आश्रम के साधकों सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कल मनेगा आत्मसाक्षात्कार दिवस

समिति के लेखराम साहू, टहलूराम साहू, प्रवीण चक्रधारी एवं संजय साहू ने जानकारी दी कि 12 अक्टूबर को मोहारा आश्रम में संत आसारामजी का आत्मसाक्षात्कार दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 9 बजे से पादुक पूजन, सत्संग एवं संकीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। समिति ने अधिक से अधिक साधकों व धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

मूल रजिस्ट्री पत्र गुमा

मेरा नाम रूकमणी देवी अग्रवाल पति कमल कुमार अग्रवाल निवासी - कला, जी.ई. रोड़ राजनांदगांव का एक खसरा नं. 228/4 में स्थित का मूल पंजीयन (रजिस्ट्री) विगत दिवस गुम गया है, जो कि काफी खोजबीन पश्चात भी नहीं मिला। जिसकी सूचना संबंधित थाना में दे दी गई है। उक्त मूल रजिस्ट्री पेपर जिस किसी सज्जन को मिले। कृपया पता बताने या पहुंचाने का कष्ट करें।

रूकमणी देवी अग्रवाल
मो. 7566884436

NAME CHANGE

It is hereby informed to the general public that I, Jayshri Lahoti, Daughter of Mr. Chiranjeev Lahoti, Wife of Nilay Soni, residing at House No. 787, Ward No. 39, Kaurin Bhatha, Rajnandgaon, Chhattisgarh, hereby declare that I have relinquished my old name and adopted a new name: Jayshree Lahoti, Daughter of Mr. Chiranjeev Lahoti, Wife of Nilay Soni.Therefore, from today onwards, I should be known and recognized by my new name—Jayshree Lahoti, Daughter of Mr. Chiranjeev Lahoti, Wife of Nilay Soni—in all my government, semi-government, and all other documents.

Jayshri Lahoti
House No. 787, Ward No. 39, Kaurin Bhatha, Rajnandgaon (C.G.)

संस्कार, संगठन और सामाजिक एकता की मिसाल बना अग्रसेन जयंती महोत्सव

आज मुख्य समारोह में प्रतिभाओं, वरिष्ठजनों और स्वर्णिम वैवाहिक जीवन का होगा सम्मान





राजनांदगांव (दावा)। सामाजिक एकता जब संस्कारों से जुड़ती है और नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने का संकल्प लेती है, तब उत्सव समाज की सामूहिक शक्ति का प्रतीक बन जाता है। अग्रवाल समाज का अग्रसेन जयंती महोत्सव इन दिनों इसी भावना का जीवंत उदाहरण बना हुआ है। भगवान श्री अग्रसेन जी के आदर्शों से प्रेरित अग्रवाल सभा, अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 4 से 11 अक्टूबर तक आयोजित धार्मिक, सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों में बच्चों से लेकर युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठजनों तक ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। शनिवार को भव्य बाइक रैली और अग्रसेन आनंद मेले के आयोजन ने महोत्सव की रौनक बढ़ाई। आज रविवार को मुख्य समारोह, सम्मान कार्यक्रम और भगवान श्री अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा के साथ महोत्सव का समापन होगा। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा उदयाचल प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें युवतियों एवं महिलाओं ने नवदुर्गा के नौ स्वरूपों में विशेष श्रृंगार के साथ आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान उदयाचल प्रांगण दर्शकों से खचाखच भरा रहा। देवी के विभिन्न स्वरूपों की प्रस्तुतियों पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। उपस्थित लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। ग्रवाल सभा के कार्यक्रम प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि रविवार, 11 अक्टूबर को श्री अग्रसेन भवन में दोपहर 3 बजे से जयंती महोत्सव का मुख्य समारोह आयोजित होगा। समारोह में कोरबा निवासी अशोक मोदी (चेयरमैन, हुंडई ग्रुप) मुख्य अतिथि होंगे। दुर्ग निवासी एवं अग्रवाल सभा दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल अध्यक्षता करेंगे, जबकि दुर्ग के समाजसेवी सुधीर बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में सामाजिक योगदान के लिए समाज के चार वरिष्ठ सदस्यों जयप्रकाश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, संतोष सिंघल एवं रमेश चंद अग्रवाल का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही वैवाहिक जीवन की स्वर्ण वर्षगांठ पूर्ण करने वाले श्रीमती लक्ष्मी देवी एवं मुरारीलाल अग्रवाल को सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का भी सम्मान होगा। वरिष्ठजनों के सामाजिक योगदान, दंपति के दीर्घ वैवाहिक जीवन और विद्यार्थियों की उपलब्धियों को एक मंच पर सम्मानित करना समाज की उस परंपरा को रेखांकित करता है, जिसमें अनुभव, पारिवारिक संस्कार और शिक्षा को विशेष महत्व दिया जाता है।

अग्रवाल सभा के राजेंद्र अग्रवाल (गुरुजी) एवं संजय मदनलाल अग्रवाल, महिला मंडल की मंजू विकास अग्रवाल एवं मनीषा शिवराज अग्रवाल तथा नवयुवक मंडल के तनिष्क अग्रवाल एवं सागर अग्रवाल ने समाज के सभी अग्रबंधुओं, मातृशक्ति और युवा शक्ति से महोत्सव के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार, ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को सामाजिक परंपराओं से जोड़ने, प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और आपसी सहयोग की भावना मजबूत करने का अवसर देते हैं। भगवान श्री अग्रसेन जी के आदर्शों से प्रेरित अग्रसेन जयंती महोत्सव संस्कार, सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों और संगठन की शक्ति का संदेश दे रहा है। उक्त जानकारी सभा के सचिव अशोक लोहिया मीडिया प्रभारी हर्षित अग्रवाल ने दी है।

मुख्य समारोह के बाद निकलेगी भव्य शोभायात्रा

मुख्य समारोह के पश्चात भगवान श्री अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा श्री अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर श्री अग्रसेन चौक, श्याम मंदिर गली, कामठी लाइन, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग और रूंगटा गली से होते हुए पुनः श्री अग्रसेन भवन पहुंचेगी। शोभायात्रा के माध्यम से समाजजन भगवान श्री अग्रसेन जी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करेंगे। मुख्य समारोह, सम्मान कार्यक्रम और शोभायात्रा के साथ महोत्सव का समापन धार्मिक आस्था, सामाजिक सहभागिता और संगठन की भावना के संगम के रूप में होगा।

जिला पंचायत सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लिया वापस, एकजुट होकर विकास का लिया संकल्प



सीएम साय व डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मार्गदर्शन में सुलझा विवाद, अध्यक्ष व सभी सदस्यों ने जताई सहमति

मोहला (दावा)। जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सर्वसम्मति से वापस ले लिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन व रचनात्मक सलाह पर विश्वास जताते हुए सभी सदस्यों ने आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्य करने का निर्णय लिया है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ हुई उच्चस्तरीय चर्चा व बैठक के दौरान यह राजनीतिक गतिरोध समाप्त हुआ। बैठक में संगठन के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सभी पक्षों ने क्षेत्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अविश्वास प्रस्ताव वापस लेने पर अपनी लिखित सहमति दर्ज कराई। इस सुलह वार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, जिला भाजपा प्रभारी देवलाल ठाकुर, संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला भाजपा उपाध्यक्ष विजय जैन व श्रीमती रेणू टांडिया, वरिष्ठ भाजपा नेता मदन साहू व खोरबहरा यादव उपस्थित रहे। इसके साथ ही मंडल भाजपा अध्यक्ष सर्वश्री प्रकाश मिश्रा, कमल तापड़िया, संदीप साहू, अमित श्रीवास्तव, आशीष द्विवेदी, चंदन उपाध्याय तथा जिला भाजपा कोषाध्यक्ष राजू जैन (गुजराती) प्रमुख रूप से शामिल रहे।

अध्यक्ष व इन सदस्यों ने जताई सहमति

विवाद सुलझने के बाद एकजुटता का संकल्प लेने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह सहित सदस्य नरसिंह भंडारी, श्रीमती रेखा कोठारी, भोजेश शाह, लखन कलामे, श्रीमती सविता शोरी, श्रीमती शांति त्रिपुरे एवं नेहरू रजक शामिल हैं। सभी ने एक स्वर में क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

आज अंडर-16 क्रिकेट टीम के लिए चयन ट्रायल

राजनांदगांव (दावा)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा अंडर-16 आयु वर्ग की जिला क्रिकेट टीम के गठन के लिए आगामी 11 अक्टूबर को दिग्विजय स्टेडियम में चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। इस ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे। जिनका जन्म 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 के बीच हुआ है। चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पात्र खिलाडयों का ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है। जिन खिलाड़ियों का पूर्व में पंजीयन नहीं हुआ है। वे शाम 4 से 6 बजे के बीच दिग्विजय स्टेडियम में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। खिलाड़ियों का चयन संगठन द्वारा नियुक्त चयनकर्ताओं के माध्यम से किया जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि चयन ट्रायल के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन कर सघन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम टीम का गठन किया जाएगा। जिले की अंडर-16 टीम छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेगी। चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट ड्रेस पहनकर आना अनिवार्य है। साथ ही सभी खिलाड़ी अपने आवश्यक दस्तावेज लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हों। ट्रायल एवं पंजीयन संबंधी अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9399645345 पर संपर्क किया जा सकता है। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर दुष्कर्म, ठगी व ब्लैकमेलिंग करने वाला आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

कैंसर का झांसा देकर ऐंठे 2.19 लाख, आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की देता था धमकी, साइबर थाना पुलिस की कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिए युवती से जान-पहचान बनाकर दुष्कर्म करने, लाखों रुपये की ठगी और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले शातिर आरोपी को साइबर पुलिस थाना राजनांदगांव की टीम ने सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार किया है। आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर राजनांदगांव लाकर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार आरोपी रोनक सिंह (19 वर्ष), निवासी प्लॉट नं. 102, अश्विन सोसायटी-2, खोडियार नगर रोड, वराछा (सूरत, गुजरात) ने मई से जुलाई 2025 के मध्य इंस्टाग्राम के जरिए राजनांदगांव निवासी युवती से संपर्क साधा। उसने खुद को कैंसर पीड़ित बताकर भावनात्मक रूप से झांसे में लिया और इलाज में मदद के नाम पर नगद व ऑनलाइन माध्यम से पीड़िता से 2 लाख 19 हजार 500 रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद आरोपी सूरत से राजनांदगांव पहुंचा और एक निजी होटल में युवती को बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

इस दौरान उसने मोबाइल से पीड़िता के आपत्तिजनक फोटो व वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिए। जब पीड़िता ने अपने रुपयों की मांग की, तो आरोपी उन तस्वीरों और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता की लिखित शिकायत पर 20 अगस्त 2026 को साइबर थाना राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 02/26, धारा 318(4), 77 बीएनएस तथा 66(ई) आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान के आधार पर मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 व 351(1) जोड़ी गई। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों व लोकेशन के आधार पर टीम ने 9 अक्टूबर 2026 को सूरत में दबिश देकर आरोपी रोनक सिंह को दबोच लिया। पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने के बाद उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, सिम और एटीएम कार्ड जब्त किया गया। स्थानीय न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड लेकर टीम 10 अक्टूबर को उसे राजनांदगांव लेकर पहुंची।

रॉयल कॉलेज लालबाग ने निकाली स्वच्छता रैली, त्रिवेणी संगम व बूढ़ासागर में किया श्रमदान



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत रॉयल कॉलेज लालबाग द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली एवं विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने शहर के प्रमुख स्थलों पर स्वच्छता की अलख जगाई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने आम नागरिकों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली का महत्व समझाया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं और कॉलेज स्टाफ ने त्रिवेणी संगम एवं ऐतिहासिक बूढ़ा सागर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया तथा पूरे परिसर को स्वच्छ बनाया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना और 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के संकल्प को साकार करना रहा।

संस्था के पदाधिकारियों व प्राध्यापकों ने बढ़ाया उत्साह

आयोजन को सफल बनाने में संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर डॉ. इंद्र कुमार वैष्णव तथा एडवाइजर श्रीमती इला सिंह की विशेष सहभागिता रही। इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ. यामिनी साहू, डॉ. संध्या महोबे, डॉ. रागिनी सरजारे, एम.एस. नारंग, घनेश्वरी साहू, डॉ. जागेश्वरी साहू, सुनील कुमार भट्टाचार्य, पी.एल. मोहबे एवं शशिकला सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

संस्कार सेवा नवरात्र महोत्सव की कार्यकारिणी घोषित, आज से सजेगा बागेश्वर धाम सेवा शिविर



० महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में होगा शुभारंभ, पदयात्रियों की सेवा व गरबा का भव्य आयोजन
० आयोजन समिति के अध्यक्ष बने भावेश अग्रवाल

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के प्रसिद्ध संयुक्त सेवा पंडाल बागेश्वर धाम द्वारा माता की आराधना के महापर्व पर इस वर्ष 'संस्कार सेवा नवरात्र महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष भावेश अग्रवाल एवं महिला अध्यक्ष मधु खंडेलवाल के मार्गदर्शन में पदयात्रियों व श्रद्धालुओं की सेवा के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महोत्सव का विधिवत शुभारंभ 11 अक्टूबर को शाम 4 बजे महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में होगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर में पदयात्रियों के विश्राम, खान-पान व चिकित्सा की विशेष व्यवस्था के साथ प्रतिदिन भजन-संकीर्तन, मंगल पाठ और संस्कारवान दिनचर्या से जुड़े सत्र आयोजित होंगे। वहीं महानवमी के पावन अवसर पर भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें अनेक सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाएं सहभागी बनेंगी। महोत्सव के सुचारु संचालन के लिए विस्तृत कार्यकारिणी घोषित की गई है। जिसमें संरक्षक मंडल में डॉ. डी.सी. जैन, राकेश इंदूभूषण ठाकुर, गुरमुख दास वाधवा, हेमंत तिवारी, घनश्याम भूतड़ा, अशोक लोहिया, सुरेंद्र तिवारी एवं रामावतार जोशी। प्रमुख पदाधिकारी में अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, संयोजक पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, निकुंज सिंघल, संदेश जैन, सौरभ खंडेलवाल, योगेश साहू, सूरज गुप्ता, राहुल अग्रवाल व मयंक शर्मा। सचिव महेश शर्मा, सह-सचिव विकास गुप्ता, विनय साहू, राज गुप्ता, रितेश यादव तथा कोषाध्यक्ष गोल्डी गुप्ता बनाए गए हैं। उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, राम ठक्कर, लोकेश अग्रवाल, अक्षय राव, अंशुल कसार व सुमित चौरसिया। विभाग प्रमुख में चिकित्सा प्रमुख डॉ. मिथिलेश शर्मा व डॉ. अनिमेष गांधी, प्रचार प्रमुख अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव व विक्की श्रीवास्तव, पद सेवा प्रमुख दिनेश अग्रवाल, कैलाश गुप्ता, मनीष यादव, अरविंद गुप्ता व सौरभ गुप्ता तथा स्वागत समिति में राजेश शर्मा, हरीश गांधी व अमलेन्दु हाजरा शामिल हैं।

महिला मोर्चा को विशेष जिम्मेदारी

महिला विंग की संरक्षक श्रीमती शारदा तिवारी, अध्यक्ष मधु खंडेलवाल, उपाध्यक्ष दीपा खंडेलवाल व पुष्पा यादव, सचिव प्रज्ञा गुप्ता तथा सह-सचिव मोना गोसाई मनोनीत की गई हैं। कार्यक्रम प्रभारी गीता पांडे व नीलू खंडेलवाल, स्वागत समिति में प्रतिभा खंडेलवाल, आरती गुप्ता व प्रीति गुप्ता, पद सेवा प्रभारी पम्पा सिन्हा, प्रेमा सोनकर, लता महोबिया व अंजू अहिरवाल और पूजा प्रभारी का दायित्व कांति मौर्य व यशोदा गुप्ता को सौंपा गया है। इसके अलावा 20 से अधिक वरिष्ठ महिलाओं को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

इंडो-नेपाल इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप : राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने जीते 19 स्वर्ण सहित कुल 28 पदक

कस्तूरबा महिला मंडल की मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों का भिलाई में दिखा दबदबा



राजनांदगांव (दावा)। भिलाई स्थित महिला महाविद्यालय में 22 से 24 सितंबर तक आयोजित प्रथम इंडो-नेपाल ओपन इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप में राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 28 पदक अपने नाम किए। सिहान मुरली सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में उतरी राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल की टीम ने 19 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया।

0 पदक विजेता खिलाड़ी

9 वर्ष वर्ग में भैरुशी साहू (काता व कुमिते में 2 स्वर्ण), अविरल एक्का (काता व कुमिते में कांस्य)। 10 वर्ष वर्ग में आहना प्रसाद (काता व कुमिते में 2 स्वर्ण), श्रेष्ठ मिश्रा (काता व कुमिते में 2 स्वर्ण), अद्विक बावनकर (काता में रजत, कुमिते में कांस्य), श्री सिंह राजपूत (काता में रजत)। 11 वर्ष वर्ग में दीतिशा साहू (काता में स्वर्ण), कबीर साहू (काता में स्वर्ण), कविश शाह (काता व कुमिते में 2 स्वर्ण)। 12 वर्ष वर्ग में मान्या साहू (काता व कुमिते में 2 स्वर्ण), पारुल साहू (काता व कुमिमते में 2 स्वर्ण), हिमांशु झा (काता में स्वर्ण), ख्याति साहू (कुमिमते में स्वर्ण, काता में कांस्य), नोवेश निनावे (कुमिमते में स्वर्ण, काता में कांस्य) एवं सीनियर वर्ग (18 वर्ष) में लोकिता साहू (काता व कुमिते में 2 स्वर्ण), मुस्कान साहू (काता में स्वर्ण, कुमिते में कांस्य) प्राप्त किए। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, गुंडाधूर अवॉर्डी अंतरराष्ट्रीय कराते खिलाड़ी अंबर सिंह भारद्वाज, जिला कराते संघ के सचिव सिहान मुरली सिंह भारद्वाज, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, सहसचिव सतीश पदम, कस्तूरबा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शारदा तिवारी एवं संरक्षिका श्रीमती शीला कोठारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसके साथ ही अकादमी के वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं अभिभावकों ने भी पदक विजेताओं का उत्साहवर्धन किया।

कैरियर गाइडेंस व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी : पहले दिन 152 स्कूलों के 15 हजार से अधिक बच्चे जुड़े ऑनलाइन

कलेक्टर जितेन्द्र यादव व डीईओ प्रवास सिंह बघेल ने ली क्लास, डॉ. कलाम का उदाहरण देकर बच्चों को किया प्रेरित



राजनांदगांव (दावा)। जिले के स्कूली विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस देने सहित जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के उद्देश्य से विशेष ऑनलाइन कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले शनिवार को जिले के 152 स्कूलों से 1,270 शिक्षक और 15,151 विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। कक्षा के दौरान जिला कलेक्टर जीतेन्द्र यादव ने 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन दो वर्षों की कड़ी मेहनत भविष्य में उन्हें मनचाहे मुकाम तक पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान और आगामी तीन वर्षों का परिश्रम जीवन की दिशा तय करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को लक्ष्य-आधारित (टारगेट ओरिएंटेड) अध्ययन करने के गुर सिखाए।

हर शनिवार-रविवार सुबह 8 से 9 बजे लगेंगी कक्षाएं

जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) प्रवास सिंह बघेल ने स्वयं क्लास लेकर बच्चों को कैरियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि हर शनिवार और रविवार को प्रातः 8 से 9 बजे तक एक घंटे की यह ऑनलाइन क्लास आयोजित की जाएगी। जिसमें विषय विशेषज्ञ एवं प्रशासनिक अधिकारी मार्गदर्शन देंगे।

डॉ. कलाम व प्रशासनिक अफसरों का दिया उदाहरण

डीईओ श्री बघेल ने पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के संघर्षों का उदाहरण देते हुए कहा कि अभावों और असफलताओं के बावजूद हिम्मत न हारने का जज्बा ही इंसान को महान बनाता है। उन्होंने आसपास के जिलों में पदस्थ कलेक्टर एवं एसपी का उदाहरण देते हुए बताया कि सरकारी स्कूलों के बच्चे भी अपनी मेहनत और लगन से शीर्ष पदों तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपनी क्षमता पहचानें, जिज्ञासु बनें और सवाल पूछने की आदत डालें। डीईओ ने विद्यार्थियों को गणित, बायो, डिफेंस, रेलवे व बैंकिंग क्षेत्र में अवसर तथा व्यापार व स्वरोजगार के विकल्पों के बारे में विस्तार से समझाया और कहा कि परीक्षा अंतिम नहीं होती, जीवन में असीमित संभावनाएं मौजूद हैं।

अनमोल 'दावा'

अगर कोई रास्ता आपको डरा रहा हो, तो समझ लीजिएगा कि आगे बहुत बड़ी सफलता आपका इंतज़ार कर रही है।

भारत की महत्वाकांक्षाएं भू-राजनीति की बंधक

अमेरिका के प्रतिबंधों और इलाके में बढ़ते तनाव ने ईरान के चाबहार पोर्ट के लिए भारत की उम्मीदों को रोक दिया है। यह पोर्ट अफ़गानिस्तान, सेंट्रल एशिया और उससे आगे के इलाकों तक पहुँचने का एक अहम ज़रिया है। तमाम मुश्किलों के बावजूद, नई दिल्ली अपने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के विज़न को ज़िंदा रखने के लिए रणनीतिक सब्र से काम ले रही है।

ईरान के रणनीतिक रूप से अहम चाबहार पोर्ट के विकास में आए उतार-चढ़ाव यह साफ दिखाते हैं कि कैसे जियोपॉलिटिक्स बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में रुकावट डाल सकती है। ईरान के लिए अहम होने के साथ-साथ यह पोर्ट भारत के लिए भी बहुत ज़रूरी है, जो इसे अपनी सब-रीजनल कनेक्टिविटी कोशिशों के लिए एक रणनीतिक आधार मानता है।

हालांकि, लगातार बदलते ग्लोबल हालात की वजह से चाबहार प्रोजेक्ट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सालों से, वॉशिंगटन और तेहरान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव के कारण अमेरिका द्वारा लगाए गए एकतरफा प्रतिबंधों ने इस पोर्ट के विकास और कामकाज को बुरी तरह प्रभावित किया है।

हाल ही में चाबहार और ईरानशहर के बीच एक अहम रेल लिंक का काम पूरा हुआ है। यह अफ़गान सीमा के पास ज़हेदान तक जाने वाली 630 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित लाइन का हिस्सा है। इससे भारत को खुशी होनी चाहिए थी, लेकिन चाबहार पर प्रतिबंधों के कारण भारत को इस रेल लिंक के इस्तेमाल के लिए अभी इंतज़ार करना होगा। चाबहार-ईरानशहर-ज़हेदान रेल लिंक के निर्माण में भी काफी देरी हुई है। लेकिन अब ईरान का कहना है कि पूरा चाबहार-ज़हेदान रेल लिंक, जिसे सालाना 7.7 मिलियन टन माल और 2.2 मिलियन यात्रियों को ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, अगले साल जनवरी तक तैयार हो जाएगा। एक बार चालू होने के बाद, यह रेल लिंक क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और व्यापार के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

चाबहार और ईरानशहर ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत के अहम शहर हैं। इस प्रांत की सीमाएं पाकिस्तान और अफ़गानिस्तान दोनों के साथ लंबी और खुली हैं, और ज़हेदान इसकी राजधानी है। ईरान को यह भी उम्मीद है कि चाबहार कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट इस पिछड़े प्रांत में आर्थिक समृद्धि लाएगा।

फिर भी, इस इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करने की भारत की क्षमता अभी रुकी हुई है। अमेरिका और इज़राइल के साथ ईरान के चल रहे टकराव के बीच, होर्मुज़ जलडमरूमध्य- जो ग्लोबल व्यापार और वाणिज्य के लिए बहुत अहम है - नाकेबंदी का सामना कर रहा है। अमेरिका और इज़राइल के मिलिट्री हमलों के बाद ईरान ने सबसे पहले पाबंदियां लगाईं, जिसके जवाब में वॉशिंगटन ने भी नौसैनिक नाकेबंदी शुरू कर दी।

होर्मुज़ जलडमरूमध्य के एक अहम और मुश्किल रास्ते में बदलने के साथ, ईरान का एकमात्र समुद्री बंदरगाह चाबहार - जो ओमान की खाड़ी के पास और हिंद महासागर के सामने स्थित है - व्यापार के लिए एक वैकल्पिक रास्ता बन सकता है। भारत के लिए, चाबहार बंदरगाह ज़मीन से घिरे अफ़गानिस्तान, मध्य एशियाई देशों और यहाँ तक कि यूरोप तक पहुँचने का एक बहुत कीमती समुद्री-ज़मीनी रास्ता देता है। इससे भारत अपने दुश्मन पड़ोसी पाकिस्तान से बचे बिना ही अपने विस्तारित पड़ोस और उससे आगे के देशों तक पहुँच सकता है। निकट भविष्य में पाकिस्तान द्वारा भारत को ट्रांज़िट अधिकार (आवाजाही की अनुमति) देने की संभावना कम है, इसलिए चाबहार अफ़गानिस्तान और उससे आगे जाने के लिए एक अच्छा वैकल्पिक रास्ता लगता है। पाकिस्तान द्वारा ट्रांज़िट अधिकार न देने का ज़क्रि एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक ने भी किया था, जो हाल ही में इस्लामाबाद में स्थित कोऑर्डिनेटर्स की बैठक में शामिल होने गए थे और जहाँ उन्होंने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की ज़रूरत पर ज़ोर दिया था।

इस रणनीतिक बढ़त को हासिल करने के लिए, भारत ने ईरान को बंदरगाह के शाहिद बेहेश्ती टर्मिनल को विकसित करने में मदद की है। हालाँकि, अमेरिकी प्रतिबंधों ने ईरानी बंदरगाह का इस्तेमाल करने की भारत की महत्वाकांक्षाओं पर गंभीर असर डाला है। बंदरगाह के इस्तेमाल के लिए भारत को मिली छूट इस साल 26 अप्रैल को खत्म हो गई। ट्रंप प्रशासन - जो भारतीय हितों की अनदेखी करता रहा है, जैसे कि रूसी तेल खरीदने पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ की धमकी देना - ने छूट को और आगे नहीं बढ़ाया। भारत ने पिछली छूट का अच्छा इस्तेमाल किया था और अफ़गानिस्तान को मानवीय सहायता पहुँचाई थी।

हालाँकि, अमेरिकी प्रतिबंधों के डर से भारत को चाबहार में शाहिद बेहेश्ती टर्मिनल के संचालन से जल्दबाजी में पीछे हटना पड़ा। यह भारत की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की महत्वाकांक्षाओं के लिए एक बड़ा झटका रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, इस बात की संभावना कम है कि जल्द ही प्रतिबंधों से कोई छूट मिलेगी। जबकि ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने पिछले महीने भारत यात्रा के दौरान नई दिल्ली से चाबहार में निवेश बढ़ाने और अपने देश के साथ आर्थिक संबंध गहरे करने पर ज़ोर दिया था, अमेरिकी प्रतिबंध फिलहाल ऐसा कुछ भी होने से रोकते हैं। इस रणनीतिक कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट पर लगी मौजूदा पाबंदियां, अमेरिका की उस रणनीति का हिस्सा हैं जिसके तहत वह अपने ऐसे विरोधी पर ज़्यादा से ज़्यादा दबाव बनाना चाहता है, जिसने दशकों से वॉशिंगटन के दबाव डालने वाले हथकंडों के आगे झुकने से इनकार किया है।

व्यापारिक पहुँच के अलावा, भारत के लिए चाबहार पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट के मुकाबले एक रणनीतिक विकल्प हो सकता है।

नवरात्र : प्रथम शैलपुत्री

(कुमकुम शर्मा)

शैलपुत्री देवी दुर्गा के नौ रूपों में पहले स्वरूप के रूप में जानी जाती हैं। ये ही नव दुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा था। शैलपुत्री देवी का वाहन वृषभ है, इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल है।

शैल पुत्री देवी के सम्बन्ध में एक मान्यता है कि अपने पूर्वजन्म में ये प्रजापति दक्ष की कन्या के रूप में पैदा हुई थीं। उस समय इनका नाम 'सती' था। उनका विवाह शंकर भगवान से हुआ था। इस सम्बन्ध में एक पौराणिक कथा बहुत प्रचलित है। एक बार दक्ष प्रजापति ने एक बहुत बड़ा यज्ञ करवाया थां इसमें उन्होंने सभी देवताओं को अपना-अपना यज्ञ भाग लेने के लिये आमंत्रित किया था लेकिन शंकर भगवान और सती को आमंत्रित नहीं किया था। सती को जब पता चला तो वे अपने घर जाने के लिए व्याकुल हो गईं और उन्होंने शंकर जी से पूछा कि वहां जाने के लिए सारी बातों को समझने के बाद शंकर भगवान ने कहा, ''प्रजापति दक्ष लगता है मुझसे किसी बात पर रूष्ट हैं। उन्होंने अपने यज्ञ में अन्य सभी देवताओं को अपना-अपना भाग लेने के लिये बुलावा भेजा है, पर हमें सूचना तक नहीं दी है, अतः ऐसी स्थिति में तुम्हारा वहां जाना उचित नहीं होगा लेकिन भगवान शंकर के के उपदेश का उनके ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। वे अपने परिवार में जाने सबसे मिलने के लिये व्यग्र हो गईं। उनका प्रबल आग्रह देखकर भगवान शंकर ने उन्हें वहां जाने की अनुमति दे दी।

सती जब पिता के घर पहुंची तो उन्हें महसूस हुआ कि कोई उनसे प्रेम से बात नहीं कर रहा है। केवल उनकी मां ने उन्हें स्नेह से गले लगाया। घर के सभी लोग भगवान शंकर का मज़ाक उड़ा रहे थे और उन्हें अपमानित कर रहे थे। उनके पिता ने भी उनके पति भगवान शंकर के प्रति कछ अपमानजनक शब्द कहे। यह सब देखकर वे बहुत दुःखी हुईं और उन्हें लगने लगा कि भगवान शंकर के मना करने के बावजूद यहां आकर बहुत बड़ी गलती कर दी, वे बहुत दुःखी हो गई। उन्होंने उसी समय यज्ञ की अग्नि में कूदकर अपने स्वरूप को भस्म कर लिया। इस दुःख को सहन कर पाना शंकर भगवान के लिये मुश्किल था उन्होंने क्रोधित होकर अपने गणों को भेजकर दक्ष को और उनके यज्ञ को नष्ट कर दिया।



आज से शुरू होंगे शारदीय नवरात्र

योग की अगिन में अपने शरीर को भस्म करने के बाद सती ने अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया और शैलपुत्री के नाम से प्रसिद्ध हुईं। पार्वती तथा हैमवती भी उन्हीं के नाम हैं कहते हैं उपनिषद की एक कथा के अनुसार देवी के इसी स्वरूप ने देवताओं का भंजन किया था।

शैलपुत्री देवी का विवाह इस जन्म में भी शंकर जी से हुआ था जिनके लिये उन्होंने कठिन तपस्या की थी। नौ देवियों में प्रथम देवी शैलपुत्री का महत्व और शक्तियां अनन्त हैं। नवरात्रि की पूजा के पहले दिन इन्हीं की पूजा की जाती है। कहते हैं इस पहले दिन उपासना और ध्यान में योगी अपने मन 'मूलाधार' चक्र में स्थित करते हैं। यहाँ से उनकी योग साधना का प्रारम्भ होता है।


इनका स्तुति मंत्र है-

वन्दे वाञ्छितलाभायच चन्द्रार्धकृतशेखराम।
वृषारूढ़ा शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम।।

अर्थात जिनके मस्तक पर आधे चन्द्रमा का मुकुट है, जो वृषभ पर सवार है तथा जिन्होंने अपने हाथ में त्रिशूल धारण किया हुआ है। उन यशस्वी माँ शैलपुत्री की मैं वन्दना करता हूँ। (हिफी)

महाराजा अग्रसेन ने दी थी समाज को प्रेरणा

(रमेश सर्राफ धमोरा)



महाराजा अग्रसेन ने अग्रवाल समुदाय की स्थापना की और समाज के लिए समानता, सामाजिक कल्याण और भाईचारे के सिद्धांतों को बढ़ावा दिया। महाराजा अग्रसेन सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा थे, जिन्होंने प्रजा की भलाई के लिए वणिक धर्म अपना लिया था। महाराज अग्रसेन ने नाग लोक के राजा कुमद के यहां आयोजित स्वंयवर में राजकुमारी माधवी का वरण किया। इस विवाह से नाग एवं आर्य कुल का नया गठबंधन हुआ। माता लक्ष्मी की कृपा से श्री अग्रसेन के 18 पुत्र हुये। राजकुमार विभु उनमें सबसे बड़े थे। महर्षि गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया। माना जाता है कि यज्ञों में बैठे 18 गुरुओं के नाम पर ही अग्रवंश की स्थापना हुई। ऋषियों द्वारा प्रदत अठारह गोत्रों को महाराजा अग्रसेन के 18 पुत्रों के साथ उनके द्वारा बसायी 18 बस्तियों के निवासियों ने भी धारण कर लिया। एक बस्ती के साथ प्रेम भाव बनाये रखने के लिए एक सर्वसम्मत निर्णय हुआ कि अपने पुत्र और पुत्री का विवाह अपनी बस्ती में नहीं दूसरी बस्ती में करेंगे। आगे चलकर यह व्यवस्था गोत्रों में बदल गई जो आज भी अग्रवाल समाज में प्रचलित है।

महाराजा अग्रसेन भगवान राम के वंशज और भगवान श्रीकृष्ण के समकालीन थे। वे राजा राम के पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी की संतान थे। महाराजा अग्रसेन को अहिंसा के प्रतीक, शांति के दूत के रूप में जाना जाता है।महाराजा अग्रसेन त्याग, करुणा, अहिंसा, शांति, समृद्धि के अवतार और एक सच्चे समाजवादी थे। महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया था कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे एक सिक्का व एक ईंट देगा। जिससे आने वाला परिवार स्वयं के लिए मकान व व्यापार का प्रबंध कर सके। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति की छोटी-छोटी मदद से समान समाज में बराबरी का दर्जा प्राप्त किया जा सकता है।

महाराजा वल्लभ के निधन के बाद अपने नये राज्य की स्थापना के लिए महाराज अग्रसेन ने अपनी रानी माधवी के साथ सारे भारतवर्ष का भ्रमण किया। इसी दौरान उन्हें एक जगह शेर तथा भेडिये के बच्चे एक साथ खेलते मिले। उन्हें लगा कि यह दैवीय संदेश है जो इस वीरभूमि पर उन्हें राज्य स्थापित करने का संकेत दे रहा है। ऋषि मुनियों और ज्योतिषियों की सलाह पर नये राज्य का नाम अग्रेयगण रखा गया जिसे अग्रोहा नाम से जाना जाता है। वह जगह आज के हरियाणा के हिसार के पास हैं। आज भी यह स्थान अग्रहरि और अग्रवाल समाज के लिए तीर्थ के समान है। यहां महाराज अग्रसेन और मां लक्ष्मी देवी का भव्य मंदिर है।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 का आधिकारिक नाम महाराजा अग्रसेन पर है। आज का अग्रोहा ही प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित अग्रवालों का उद्गम स्थान आग्रेय है। अग्रोहा हिसार से 20 किलोमीटर दूर महाराजा अग्रसेन राष्ट्र मार्ग संख्या 10 के किनारे एक साधारण गांव के रूप में स्थित है। जहां पांच सौ परिवारों की आबादी रहती है। इसके समीप ही प्राचीन राजधानी अग्रेह (अग्रोहा) के अवशेष के रूप में 650 एकड भूमि में फैला महाराजा अग्रसेन धाम हैं। जो महाराज अग्रसेन के अग्रोहा नगर के गौरव पूर्ण इतिहास को दर्शाता हैं। आज भी यह स्थान अग्रवाल समाज में पांचवे धाम के रूप में पूजा जाता है। इतिहास में महाराज अग्रसेन परम प्रतापी, धार्मिक, सहिष्णु, समाजवाद के प्रेरक महापुरुष के रूप में उल्लेखित हैं। देश में जगह-जगह महाराजा अग्रसेन के नाम पर बनायी गयी स्कूल, अस्पताल, बावड़ी, धर्मशालाएं आदि महाराजा अग्रसेन के जीवन मूल्यों का आधार हैं जो मानव आस्था के प्रतीक हैं। पांच हजार वर्ष पहले महाराज अग्रसेन द्वारा प्रतिपादित समानता, समाजवाद और अहिंसा के विचार भारत के वर्तमान संविधान की भावना हैं। (हिफी)

विचार सरिता

मन में बसे हैं रामः 458ः त्रिकूट पूर्वत पर सीताजी को हुए दिव्य ज्योति के दर्शन

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



अगस्त्य ऋषि के अनेक आश्रमों में से एक उस आश्रम से श्री राम, सीताजी और लक्ष्मण जी की आगे की पदयात्रा प्रारंभ हुई। विंध्याचल पर्वत के ऊँचे-नीचे मार्ग में पगडंडियाँ भी नहीं हैं। आगे बढ़ने पर एक विशिष्ट पर्वत दिखाई दिया। शंक्राकार पर्वत को देखकर सीता जी ने पूछा, ''यह कैसा पर्वत है आर्यपुत्र? मुझे तो यह अनूठा जान पड़ता है।

श्री राम ने उत्तर दिया, ''तुमने उचित कहा है सीते! इस पर्वत को त्रिकूट पर्वत कहते हैं और जब शिव जी ने माता सती की प्राणरहित देह को लेकर ब्रह्मांड भ्रमण किया था, तो माता सती का हार इस पर्वत के शीर्ष भाग पर गिरा था। देवी का अंश होने के कारण इस क्षेत्र को मायहार(वर्तमान मैहर) क्षेत्र भी कहा जाता है।''

सीता जी इस विवरण से अलौकिक आनंद से भर उठीं। श्री राम, सीताजी और लक्ष्मणजी त्रिकूट पर्वत के शिखर क्षेत्र के अभिमुख खड़े हुए और उन्होंने अपने हाथ जोड़कर तथा आँखें बंदकर वंदना की। शाम का धुंधलका फैलने लगा था और एक अलौकिक ज्योति त्रिकूट पर्वत के शिखर भाग पर प्रकाशित थी, जैसे दूर कोई दीया टिमटिमा रहा हो। देखते ही देखते रात्रि का अँधेरा गहराने लगा और तीनों ने इसी घने वन में रात्रि विश्राम का निर्णय लिया।

एक साल वृक्ष और मधूक (महुआ) वृक्ष के मध्य चौरस भूमि पर लक्ष्मण जी ने इन्हीं वृक्षों के पत्तों को एकत्र कर बिछौना लगाया। सीताजी ने अपनी पोटलिका से निकालकर आच्छादन को इस पर फैलाया। श्रीराम पास की एक शिला पर बैठे थे। वे संयत थे किंतु लक्ष्मण जी ने रात्रि आहार का समय हो जाने के कारण सीता जी की ओर प्रश्न वाचक दृष्टि से देखा। फिर उन्होंने किंचित ग्लानियुक्त स्वर में कहा-

''ओहो भाभी! आज मैं सूर्यास्त के पूर्व रात्रि आहार के लिए फल एकत्र करना भूल गया। अब हम क्या करें?''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -186

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनीद, चकमा, धोखा 6. शंकर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप करना 11. चारमासीय, सौमाह 14. पानी, आंसू 15. पैदा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का वह हिस्सा जहां से शाखाएं निकलती हैं, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलामी 13. श्रद्धा, रुचि, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. क्षिपतिप्रसत, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 185 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		ध	प	ध	पा	ना	
च	र	का	री		भ		र	शि
ब	धा	र		क	ष	प्र	द	
	त	ना	त	नी		व		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ध	गु	ला		रा	ज	दू	त	

कविता

नवदुर्गा माँ




तेरे दरबार में आकर कोई खाली नहीं जाता,
माँ तेरे नाम से बढ़कर कोई सहारा नहीं पाता।
नौ रूपों में तू ही शक्ति, तू ही ज्योति जगाती है,
तेरी कृपा की एक किरण अंधियारा दूर भगाती है।
कभी दुर्गा, कभी काली, कभी शैलपुत्री बन आती,
भक्तों के सूने जीवन में आशा की लौ जलाती।
तेरे चरणों की धूल मिले तो जीवन धन्य हो जाए,
तेरी भक्ति में जो डूबे, उसका मन पावन हो जाए।
मंदिर की घंटी में माँ, तेरी ही आवाज़ सुनाई दे,
हर धड़कन में तेरा नाम, हर सांस में तू दिखाई दे।
न कोई दौलत की चाहत है, न दुनिया से कुछ पाना है,
तेरी चौखट पर माँ बस अपना शीश झुकाना है।



बी.एस.चौहान आतिश
मोतीपुर, राजनांदगांव

राशिफल

मेष



आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा।

वृष राशि



आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाओं के अनुसार, सभी काम होने से आपका मन काम में लगा रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। आपको अपने जीवनसाथी से काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे, परिवार में सदस्यों के साथ संबंधों में सुधार होगा।

मिथुन




आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिये आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। आपका उत्साह भी बढ़ेगा। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज घर में कोई फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है।

कर्क



आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका ध्यान काम को पूरा करने में लगा रह सकता है। किस्मत का साथ मिलने में परेशानी आ सकती है। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग बड़ी कंपनियों में काम करते हैं ,उनके लिए आज का दिन बेहद खास है।

सिंह



आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आपके व्यवहार में कुछ अच्छे बदलाव आने से आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। आपको दूसरों की मदद करने का मौका मिलेगा।

कन्या



आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही माता-पिता की नाराजगी आज आपसे खत्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपकी टेंशन खत्म होगी।

तुला



आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। जो लोग लकड़ी के व्यापार से जुड़े हैं, आज उनको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिलेगा। राइटर आज कोई नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जायेगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत खुश होंगे।

वृश्चिक




आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिये आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। मेहनत और लग्न देखकर आज आपके जूनियर आपसे कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे। आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए।

धनु



आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने का प्लानिंग कर सकते हैं। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी साथ ही साथ आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आज आपको माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा।

मकर




आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिये आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से मदद मिलने से काम का बोझ कम हो जायेगा।

कुंभ



आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे जिसे आप अपने किसी खास मित्र से शेयर भी करेंगे आपको राहत मिलेगी। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी में जायेंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करने का मौका मिलेगा।

मीन



आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार सोसाइटी में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर फ्लोवर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। मौसम के बदलने से आज बेचैनी थोड़ी बढ़ सकती है खूब पानी पियें स्वास्थ्य चेतन्न रहेगा।

सामयिक चर्चा

कांग्रेस मतलब राहुल गांधी

आज खबर पढ़कर,
बानी बोले ''गजाधर!
उत्तरप्रदेश, झारखण्ड
और पश्चिम बंगाल से
राज्यसभा की कुल बारह सीटों के लिए
चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने
कुल दस सीटों पर
जीत हासिल की, जबकि दो सीट
समाजवादी पार्टी को मिली है।
समाजवादी पार्टी की तबीयत खिली है।
तभी गृहस्थ गिरधारी पूछ उठे -
''और कांग्रेस को?''
बानी कुछ कहते इसके पहले
गजाधर बोल उठे, मुस्कराकर -
''गिरधारी! यह तुम
राहुल गांधी से पूछो!''
शनिवार 10 अक्टूबर 2026



गिरीश बख्शी

कविता

।। आसां नहीं जिंदगी।।

जिंदगी तू आसान तो नहीं,
कठिन है, कहकर जीना कैसे छोड़ दूं।
उपर चढ़ने से निश्चित ही सांसें फूलती है,
इस डर से, उपर चढ़ना कैसे छोड़ दूं।
कोई कहता है, जिंदगी एक सफर है सुहाना,
कोई कहता है, इस दुनिया से दिल भर गया।
मैं कहता हूं, जिंदगी तुम एक सप्तरंगी परी हो,
तुझमें ही जीवन के सारे रंग समाहित है।
तुम से ही यह जीवन संसार है।
जिंदगी तुम सुंदर, मस्त और रंगीन हो,
तुमसे ही जीवन में बहार है, सुगंध का अहसास है।
तुम से है जीवन में प्रेम करुणा और ममता है।
तुमसे ही जीवन में काम क्रोध मोह और माया है।
जिंदगी तुम नहीं, तो कुछ भी नहीं।
यह मानव, माटी का पुतला है।
चारों ओर अंधकार ही अंधकार है,
अनंत अंधकार,,
तुम उसमें रौशनी फैलाती,
उजास बगराती दीया हो,,, जिंदगी।।



डॉ. सुनील महाकालकर

कविता : खामोशी की आवाज?

राहों में कितने भी शूल मिलेंगे
कुछ समय के प्रतिकूल मिलेंगे
जो समझे अहसास सो जाने
खामोशी की आवाज कैसे पहचाने
कोलाहल से ही विरत ध्वनि हो
जीवन में जैसे प्रबल शनि हो
मुक की आवाज कैसे अब पहचाने
खामोशी की आवाज कैसे पहचाने
जीवन की यह अजीब लीला
फिर कैसे शिकवा और गिला
जीवन में कितने मिलते अनजाने
खामोशी की आवाज कैसे पहचाने
चुभती है अब शब्द तीर से
द्रवित होता है हृदय पीर से
दिल के दर्द कैसे कोई भी जाने
खामोशी की आवाज कैसे पहचाने
चक्रव्यूह सा बना है जब जीवन
संघर्ष जिसमें प्रतिपल प्रतिक्षण
गांडिवधारी को कौन कैसे पहचाने
खामोशी की आवाज कैसे पहचाने



प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी छ.ग.

माँ बम्लेश्वरी मेले के लिए राजनांदगांव पुलिस तैयार : 1100 से अधिक जवान संभालेंगे सुरक्षा कमान





डोंगरगढ़ (दावा)। शारदीय नवरात्रि पर माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन व दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राजनांदगांव पुलिस ने कड़े सुरक्षा और यातायात प्रबंध किए हैं। आईजी अजय यादव के मार्गदर्शन एवं एसपी सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में 30 राजपत्रित अधिकारियों और 50 निरीक्षकों समेत 1100 से अधिक पुलिस बल की तैनाती की गई है। माँ बम्लेश्वरी ऊपर मंदिर, नीचे मंदिर, मेला क्षेत्र, दर्शन मार्ग, रेलवे स्टेशन एवं प्रमुख प्रवेश मार्गों पर पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए सादी वर्दी में क्राइम टीमें तैनात रहेंगी। इसके साथ ही माँ शीतला मंदिर, माँ पाताल भैरवी मंदिर और माँ करेला भवानी मंदिर में भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

सीसीटीवी से लैस होंगी पार्किंग, रूट डायवर्जन तय

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डोंगरगढ़ के सभी पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई है। अंजोरा बायपास से डोंगरगढ़, तुमड़ीबोड़ से डोंगरगढ़ तथा चिचोलाङ्कबिराटलाबङ्कखैरागढ़ मार्गों पर यातायात सुचारु रखने के लिए विशेष व्यवस्था व आवश्यकतानुसार डायवर्जन किया जाएगा। पुलिस ने चालकों से निर्धारित पार्किंग का ही उपयोग करने की अपील की है।

पदयात्रियों को बांटे जाएंगे 20,000 रेडियम स्टिकर, पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी व चाक-चौबंद व्यवस्था

हादसों से बचाव : 20 हजार रेडियम स्टिकर का वितरण

रात्रि में डोंगरगढ़ पहुंचने वाले पदयात्रियों की सडक सुरक्षा को देखते हुए पुलिस द्वारा 20,000 रेडियम स्टिकर बांटे जाएंगे। इससे अंधेरे में वाहन चालकों को पदयात्री दूर से दिखाई देंगे और दुर्घटनाओं की आशंका घटेगी। पुलिस ने पदयात्रियों से सड़क किनारे चलने और समूह में रहने का आग्रह किया है। आपात स्थिति या किसी सहायता के लिए श्रद्धालु राजनांदगांव जिला पुलिस कंट्रोल रूम अथवा डोंगरगढ़ में शिरपानी डोम, ऊपर मंदिर व नीचे मंदिर परिसर स्थित कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं।

पुलिस ने श्रद्धालुओं से कीमती जेवर व बड़ी नकदी साथ न लाने, बच्चों की जेब में नाम-पता व मोबाइल नंबर की पर्ची रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल ड्यूटी पर तैनात जवानों को देने की अपील की है।

कोहलाकसा जंगल में फिर गरमाया अवैध रेत का मुद्दा, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल



डोंगरगढ़ / बोरतलाव (दावा)। दक्षिण बोरतलाव वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कोहलाकसा का जंगल एक बार फिर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का गढ़ बनता नजर आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, गत 7 अक्टूबर की सुबह वन विभाग की टीम द्वारा रेत लदे एक वाहन को जब्त किए जाने की सूचना है। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि के लिए जब संबंधित वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) से संपर्क साधने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। यह क्षेत्र लंबे समय से रेत के अवैध कारोबार को लेकर सुर्खियों में रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय तंत्र की कथित मिलीभगत और संरक्षण के बिना इतने बड़े पैमाने पर उत्खनन संभव नहीं है। पूर्व में भी मीडिया द्वारा साक्ष्य व तस्वीरें सामने लाने के बावजूद महकमे ने कोई ठोस और कड़ा रुख नहीं अपनाया।

7 अक्टूबर को वाहन जब्ती की सूचना पर साधी चुप्पी, ग्रामीणों ने लगाया मिलीभगत व दोहरे रवैये का आरोप

विभागीय तंत्र के दोहरे रवैये से आक्रोश

ग्रामीणों ने वन विभाग के दोहरे मापदंड पर कड़ा रोष जताया है। उनका कहना है कि घरेलू निस्तारी के लिए जंगल जाने वाले गरीब ग्रामीणों से सूखी-कच्ची लकड़ी मिलने पर कुल्हाड़ी तक जब्त कर ली जाती है, जबकि रेत माफियाओं की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के सामने महकमा मूकदर्शक बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रहने के कारण ही माफियाओं के हौसले पस्त नहीं हो रहे हैं। वन संपदा को पहुंच रहे भारी नुकसान को देखते हुए ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराने और जिम्मेदार व संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

पहला कॉलम...

सुकुलदैहान पुलिस ने पेश की मानवीय मिसाल : अज्ञात शव का कराया सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार



सुकुलदैहान (दावा)। लालबाग थाना अंतर्गत पुलिस चौकी सुकुलदैहान की टीम ने संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण की मिसाल पेश करते हुए एक अज्ञात पुरुष के शव का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 3 अक्टूबर को सुकुलदैहान चौकी क्षेत्र के ग्राम हरदी रेलवे फाटक के आगे ट्रैक पोल क्रमांक 908/18 के पास एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद हुआ था। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने तत्काल आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया शुरू की। आसपास के ग्रामीण अंचलों में पूछताछ करने के साथ-साथ सोशल मीडिया एवं स्थानीय मीडिया के माध्यम से भी जानकारी प्रसारित कर पहचान कराने के व्यापक प्रयास किए गए। पहचान न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार पोस्टमार्टम व अन्य कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण की गईं। इसके उपरांत सुकुलदैहान पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक चंद्रभूषण सिन्हा एवं आरक्षक राजेश कुमार साहू ने नगर पालिक निगम राजनांदगांव के सहयोग से चिखली मुक्तिधाम में पूरे विधि-विधान के साथ शव का सम्मानपूर्वक कफन-दफन व अंतिम संस्कार संपन्न कराया। पुलिस कर्मियों के इस मानवीय व संवेदनशील कार्य की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की है।

गायत्री करातेका क्लब राजनांदगॉव के कराते खिलाड़ियों ने जीते 30 पदक



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में आयोजित पहली इंडो नेपाल इंटरनेशनल कराते प्रतियोगिता भिलाई जिला दुर्ग में 2 से 4 अक्टूबर को संपन्न हुई। जिसमें 1200 खिलाड़ियों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया। राजनांदगांव के गायत्री करातेका क्लब के कराते प्रशिक्षक सेंसई जयप्रकाश साहू के मार्गदर्शन में 17 खिलाड़ियों ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया और खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण, 10 रजत और 8 कास्य पदक कुल मिलाकर 30 पदको पर कब्जा जमा कर इस प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व स्थापित किया। गोल्ड मेडल प्राप्त खिलाड़ियों में मोक्ष साहू, योजित साहू, मेहल राजगढ़ (दो गोल्ड), सचेतन चौगले (दो गोल्ड), मोक्ष साहू, तृप्ति अहीर, जिज्ञांशु साहू, हर्षिता प्रजापति, रुद्र सराफ, याना सरोदे आदि है। सिल्वर मेडल प्राप्त खिलाड़ियों में अयांश जैन, मोक्ष साहू, जिज्ञांशु साहू, वारीया टेम्बेकर, नवीन साहू, अदिति ठाकुर, अंशुल मानकर, रुद्र सराफ, याना सरोदे आदि है। ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त खिलाड़ियों में अयांश जैन, योजित साहू, मोक्ष साहू, तोमन सोनकर, नवीन साहू, वारीया टेम्बेकर, हर्षिता प्रजापति, भावेश खरे आदि है। खिलाड़ियों के इस शानदार उपलब्धि पर हमारी संस्कारधानी गौरवान्वित महसूस कर रही है।

कल से नेहरू कॉलेज डोंगरगढ़ में प्रथम सतत् आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा



डोंगरगढ़ (दावा)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में सत्र 2026-27 के स्नातक कक्षाओं की प्रथम सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 12 अक्टूबर (सोमवार) से प्रारंभ हो रही है। इस परीक्षा में स्नातक प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के नियमित व स्वाध्यायी (प्राइवेट) परीक्षार्थी शामिल होंगे। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने बताया कि बैठक व्यवस्था के तहत बी.ए. प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं कॉलेज के पुराने भवन में आयोजित की जाएंगी। वहीं, बी.कॉम. और बी.एससी. के नियमित व स्वाध्यायी विद्यार्थियों की परीक्षाएं महाविद्यालय के नवीन भवन में संचालित होंगी।

प्रभारी प्राचार्य ने विद्यार्थियों को निर्देशित किया है कि वे परीक्षा की विस्तृत समय-सारणी का अवलोकन महाविद्यालय के सूचना पटल और आधिकारिक वेबसाइट पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए अधिकृत व्हाट्सएप ग्रुपों में भी परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देश व समय-सारणी साझा की गई है।

महाविद्यालय प्रशासन ने सभी संबंधित विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल न होने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा में बैठने से वंचित होना पड़ सकता है। अतः सभी परीक्षार्थी इसे गंभीरता से लेते हुए अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

माँ बम्लेश्वरी मेले में दुकानों की अवैध खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने की मांग, पार्षदों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



डोंगरगढ़ (दावा)। विश्व प्रसिद्ध माँ बम्लेश्वरी क्वांर नवरात्र मेले के प्रारंभ होते ही दुकानों के आवंटन और अवैध खरीद-फरोख्त को लेकर विवाद गरमा गया है। नगर पालिका के सभापति सुमित ताम्रकार के नेतृत्व में सत्ताधारी दल के पार्षदों ने मेला व्यवस्था में दलालों की सक्रियता और वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। पार्षदों ने दोषी कर्मचारियों और बिचौलियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका द्वारा अस्थायी दुकानों के आवंटन में इस वर्ष 10 रुपये के स्टांप पेपर पर शपथ पत्र लेने का नियम लागू किया गया है, ताकि दुकानों की री-सेलिंग (पुनर्विक्रय) रोकी जा सके। इसके बावजूद स्थानीय बिचौलिए नगर पालिका से निर्धारित दर पर दुकानें आवंटित कराकर दूर-दराज से आने वाले गरीब व छोटे व्यापारियों को तीन से पांच गुना अधिक दामों पर बेच रहे हैं। हजारों किलोमीटर दूर से रोजी-रोटी कमाने आने वाले वास्तविक दुकानदारों का शोषण हो रहा है। जिससे पालिका के राजस्व को नुकसान और बिचौलियों को भारी मुनाफा हो रहा है।

पूर्व सीएमओ व कर्मचारियों पर जांच रिपोर्ट के बाद भी कार्रवाई नहीं

पार्षदों ने वर्ष 2024 के नवरात्र मेले में मीना बाजार एवं दुकान आवंटन में हुई कथित वित्तीय अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि नायब तहसीलदार की जांच समिति द्वारा तत्कालीन सीएमओ चंद्रकांत शर्मा एवं संबंधित कर्मचारियों पर अनियमितता के आरोप प्रमाणित किए गए थे, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि वे ही दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी आज भी दुकान आवंटन और रसीद काटने का कार्य संभाल रहे हैं।

मेला क्षेत्र में दुकानों की अवैध बिक्री और री-सेलिंग की जांच के लिए राजस्व एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम बनाई जाए। शपथ पत्र की शर्तों का उल्लंघन कर मुनाफाखोरी करने वाले बिचौलियों का आवंटन तत्काल रद्द कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए तथा दुकान वास्तविक पात्र व्यापारी को दी जाए। मेला परिसर में दुकानदारों और आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु एक स्थायी शिकायत निवारण काउंटर स्थापित किया जाए। पार्षदों ने जिला प्रशासन से गरीब दुकानदारों के हितों की रक्षा और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।

शांति व्यवस्था भंग करने वाले दो उपद्रवी गिरफ्तार



तुमड़ीबोड़ (दावा)। तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मलईडबरी में कानून-व्यवस्था व शांति भंग करने वाले दो उपद्रवियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों युवक बाजार क्षेत्र में गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से तेज गति में बाइक लेकर आ रहे थे। पुलिस व ग्रामीणों द्वारा रोके जाने और समझाइश देने पर वे वाद-विवाद व हुड़दंग करने लगे। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने त्वरित प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर दोनों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल दाखिल कर दिया गया। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धनीराम नारंगे ने बताया कि 9 अक्टूबर की शाम बाजार ड्यूटी व पेट्रोलिंग के दौरान मलईडबरी बाजार चौक के पास खिलावन उर्फ पप्पू (22 वर्ष, पिता पुनीत राम) तथा अजय कुमार टेम्भुलकर (24 वर्ष, पिता बिसराम टेंभुरकर), दोनों निवासी ग्राम मलईडबरी, मोटर साइकिल से गलत दिशा में आते दिखे। पुलिस टीम और स्थानीय ग्रामीणों ने दुर्घटना की आशंका को देखते हुए उन्हें रोका और समझाइश दी। इस पर दोनों युवक शांत होने के बजाय पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों से ही उलझ गए तथा गाली-गलौज व विवाद पर आमादा हो गए। मौके पर संज्ञेय अपराध घटित होने और लोक शांति भंग होने की प्रबल आशंका को देखते हुए पुलिस ने दोनों अनावेदकों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत हिरासत में ले लिया। इसके बाद दोनों के खिलाफ धारा 170, 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक मामला तैयार कर एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से न्यायालय के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया।

हुड़दंगियों पर पुलिस का शिकंजा : तेज रफ्तार बाइक चलाकर श्रद्धालुओं को परेशान करने वाले 3 युवक गिरफ्तार



डोंगरगढ़ (दावा)। क्वांर नवरात्रि के दौरान माँ बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले तीन मनचलों के खिलाफ डोंगरगढ़ पुलिस ने सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। तेज रफ्तार बाइक चलाने, तेज हॉर्न बजाकर दर्शनार्थियों को परेशान करने और समझाने पर मारपीट पर उतारू होने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

थाना प्रभारी (प्रशिक्षु डीएसपी) सुमन जायसवाल एवं रामेश्वर प्रसाद देशमुख के नेतृत्व में पुलिस टीम मेला क्षेत्र में मुस्तैद थी। इसी दौरान ग्राम आरी व झिटिया निवासी तीन युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर तेज गति से वाहन चलाते हुए और लगातार तेज हॉर्न बजाकर पैदल दर्शनार्थियों को परेशान कर रहे थे।

समझाने पर मारपीट पर उतारू हुए युवक

श्रद्धालुओं द्वारा आपत्ति जताने पर तीनों युवक वाद-विवाद करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस स्टाफ व अन्य लोगों ने जब उन्हें समझाइश देने का प्रयास किया, तो वे शांत होने के बजाय आक्रोशित होकर गाली-गलौज व मारपीट पर आमादा हो गए। जिससे मंदिर परिसर में कानून-व्यवस्था व शांति भंग होने की स्थिति निर्मित हो गई।

पुलिस ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए तीनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी नुकेश यादव (22 वर्ष, निवासी ग्राम आरी, डोंगरगांव), आकाश ठाकुर (19 वर्ष, निवासी ग्राम आरी, डोंगरगांव) तथा हरपीत पटेल (निवासी ग्राम झिटिया, डोंगरगांव) के विरुद्ध धारा 170, 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक मामला दर्ज कर विधिवत एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

आत्मानंद स्कूल घुमका में ब्लॉक स्तरीय स्काउट-गाइड कार्यशाला शुरू

16 स्कूलों के 168 विद्यार्थी ले रहे द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण, नपं अध्यक्ष फूलमती वर्मा ने किया शुभारंभ



घुमका (दावा)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घुमका में ब्लॉक स्तरीय स्काउट-गाइड द्वितीय सोपान कार्यशाला एवं जांच परीक्षा का विधिवत शुभारंभ हुआ। शिविर में विकासखंड के 16 विद्यालयों से 168 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। जबकि 15 वरिष्ठ स्वयंसेवक सेवा कार्य में जुटे हैं। समारोह की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा रहीं। जबकि अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष पीताम्बर निषाद ने की। मुख्य अतिथि श्रीमती वर्मा ने कहा कि स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण बच्चों में अनुशासन, सेवा भावना और सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास की मजबूत नींव रखता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से निष्ठापूर्वक सीखने का आह्वान करते हुए शाला प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की। अध्यक्षीय संबोधन में पीताम्बर निषाद ने कहा कि यह प्रशिक्षण बच्चों को आत्मनिर्भरता और व्यावहारिक जीवन की कला सिखाता है।

उद्घाटन अवसर पर पूर्व प्राचार्य गणपत दुबे, जनपद सदस्य चंद्रेश वर्मा, महादेव वर्मा, कांग्रेस प्रभारी ब्लॉक अध्यक्ष पूसउ राम वर्मा, टी.आर. यादव, प्रकाश जैन, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी अध्यक्ष उमाकांत साहू (संजय) एवं पार्षद कुमार बघेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्रशिक्षण शिविर संचालक संतराम साहू, क्वार्टर मास्टर रमेश दास साहू, ब्लॉक सचिव तिलेश्वर बघेल, शिविर संचालक भारती रजक, ट्रेनर अर्चना नेताम, अतिथि प्रशिक्षक विनोद हथेल, प्रभारी फलक फरजान और ट्रेनर पुष्पा साहू के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को अनुशासन, जीवनोपयोगी कौशल और नेतृत्व क्षमता का व्यावहारिक अभ्यास कराया जा रहा है।

आखिरकार नवरात्रि के पहले स्ट्रीट लाइटों से रोशन हुई शहर की सड़क

0 नगर पालिका ने पूरा किया वादा, महीनों से अंधेरे में डूबे मार्ग पर लौटी रोशनी

0 पीडब्ल्यूडी और पालिका के संयुक्त प्रयास से चालू हुई नई लाइटें



डोंगरगांव (दावा)। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद नवरात्रि पर्व के पहले शहर की मुख्य सड़क स्ट्रीट लाइटों की रोशनी से जगमगा उठी है। नगर पालिका परिषद ने अपने वादे के अनुरूप शनिवार शाम से सड़क के डिवाइडर में लगाए गए नए स्ट्रीट लाइटों को चालू करवा दिया। इससे पिछले कई महीनों से सड़क पर पसरे अंधेरे से राहत मिली है। नवरात्रि पर्व के ठीक पहले स्ट्रीट लाइटें चालू होने से शहरवासियों में भी संतोष देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि शहर से गुजरने वाली सड़क के निर्माण कार्य के दौरान डिवाइडर में नई स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई थीं, हालांकि स्थापना के बाद भी इन्हें चालू नहीं किया जा रहा था। कई महीनों से लोग इन लाइटों के शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। स्थिति यह थी कि नई स्ट्रीट लाइटें लगाने के बाद पुरानी लाइटों को भी बंद कर दिया गया था। जिसके चलते शहर के प्रमुख मार्ग पर अंधेरा छाया रहता था। शाम होते ही सड़क के कई हिस्सों में पर्याप्त रोशनी नहीं होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

शहर के मुख्य मार्ग पर नई स्ट्रीट लाइटें स्थापित होने के बावजूद इनके चालू नहीं होने का मामला लंबे समय से चर्चा में था। एक ओर सडक़ के डिवाइडर में आधुनिक लाइटें लगाई जा चुकी थीं। वहीं दूसरी ओर उनका उपयोग नहीं हो पाने से नागरिकों को अपेक्षित सुविधा नहीं मिल रही थी। पुरानी स्ट्रीट लाइटें बंद होने के कारण अंधेरे की समस्या और अधिक बढ़ गई थी। ऐसे में शहरवासियों को नई लाइटें शुरू होने का इंतजार था। विशेषकर त्योहारों के दौरान बाजार और मुख्य मार्ग पर लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। नवरात्रि के समय श्रद्धालुओं के आवागमन तथा देर शाम तक बाजार में चहल-पहल रहने के मद्देनजर सडक़ पर पर्याप्त रोशनी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसे देखते हुए स्ट्रीट लाइटों को नवरात्रि से पहले चालू करने की मांग और अपेक्षा बनी हुई थी।

स्ट्रीट लाइटों को चालू करने के लिए शनिवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और नगर पालिका परिषद ने संयुक्त रूप से प्रयास किया। इस दौरान शहर में काफी देर तक बिजली बंद रखकर आवश्यक कार्य किया गया। इसके बाद नई स्ट्रीट लाइटों की अंतिम जांच (फाइनल टेस्टिंग) की गई और तकनीकी परीक्षण पूरा होने के बाद शनिवार शाम को इन्हें चालू कर दिया गया। लाइटें शुरू होते ही सड़क का वह हिस्सा, जो पिछले कई महीनों से अंधेरे में था। रोशनी से जगमगा उठा। लंबे समय से इंतजार कर रहे शहरवासियों के लिए यह राहत भरी खबर रही। अब नवरात्रि के दौरान शहर के इस प्रमुख मार्ग पर रोशनी उपलब्ध होने से आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

नवरात्रि से पहले वादा पूरा करने में सफल रही नगर पालिका

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने पूर्व में ही नवरात्रि पर्व से पहले स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाने की बात कही थी। शनिवार शाम को लाइटें शुरू होने के साथ ही नगर पालिका ने अपने इस वादे को पूरा कर दिया। त्योहार से पहले स्ट्रीट लाइटें चालू होने को शहर की बुनियादी सुविधाओं के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, अब नागरिकों की अपेक्षा रहेगी कि स्ट्रीट लाइटें नियमित रूप से जलती रहें और किसी तकनीकी खराबी की स्थिति में समय पर सुधार किया जाए, ताकि मुख्य मार्ग पर दोबारा अंधेरे की स्थिति निर्मित न हो। फिलहाल, नवरात्रि और दीपावली के पहले शहर की सड़क का रोशन होना नागरिकों के लिए राहत की बात है।

सेवा संकल्प अभियान : सेवा मेरा योगदान के तहत ग्राम ढोडिया में जनजागरूकता कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा मेरा योगदान गतिविधि के तहत पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र राजनांदगांव के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम ढोडिया में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने जागरूकता नारों के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, नवाचार, स्टार्टअप इंडिया, उद्यमिता एवं साक्षरता के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अधिकारी डॉ. संतोष कुमार साहू ने किसानों से फसल अवशेष (पराली) नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ मिट्टी की उर्वरता एवं लाभकारी सूक्ष्मजीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

जिम्बाब्वे ने भारत दौरे के लिए किया टीम का ऐलान, 16 अक्टूबर को पहला मैच



नई दिल्ली। जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीम पहली बार भारत दौरे पर आने वाली है. इस ऐतिहासिक टूर के लिए जिम्बाब्वे ने अपनी टीम का एलान कर दिया है. 16 अक्टूबर-28 अक्टूबर के बीच तीन टी20 मैच और तीन ही ओडीआई मैच खेले जाएंगे. जोसेफीन नकोमो टीम की कप्तानी कर रही होंगी.

टी20 सीरीज के तीन मैच क्रमशः 16 अक्टूबर, 18 अक्टूबर और 20 अक्टूबर को खेले जाएंगे. ये तीनों मैच छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में खेले जाएंगे. वनडे सीरीज के मैच 23 अक्टूबर, 25 अक्टूबर और 28 अक्टूबर को खेले जाएंगे. ये तीनों मैच वडोदरा स्थित बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर खेले जाएंगे. जिम्बाब्वे टीम बढ़े हुए मनोबल के साथ मैदान में उतरेगी, क्योंकि वह अभी अपने घरेलू मैदान हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर वेस्टइंडीज को चित्त करके आ रही है. वह जिम्बाब्वे की वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे पहली जीत रही. बताते चलें कि आगामी वनडे सीरीज दृष्टष्ट वीमेंस चैंपियनशिप का हिस्सा होगी.

खासतौर पर दोनों की वनडे सीरीज बहुत महत्वपूर्ण होगी, जिसमें ICC वीमेंस चैंपियनशिप के पॉइंट्स दांव पर लगे होंगे. चूंकि जिम्बाब्वे विश्व की टॉप टीम के साथ खेल रही होगी, यह उसके लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में एक नई छाप छोड़ने का सुनहरा अवसर होगा. जिम्बाब्वे टीम के पास बल्लेबाजी में माडेस्टर मुपाचिकवा शार्न मायर्स, चिपो मुगेरी और बिलव्ड बीजा भी होंगी. वहीं गेंदबाजी में न्याशा ग्वानजुरा लीड कर रही होंगी.

न्यूजीलैंड को लगातार तीसरा झटका, इंडिया सीरीज से बाहर हुआ एक और खिलाड़ी



नई दिल्ली। भारतीय टीम इसी महीने न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगी. उससे पहले कीवी टीम को झटका लगा है, क्योंकि तेज गेंदब्याज विलियम ओ रूर्के चोट के चलते वनडे और टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाएंगे. न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड विलियम को भारत के खिलाफ वनडे और टेस्ट टीम में शामिल करने पर विचार कर रहा था, लेकिन हैमस्ट्रिंग और काफ इंजरी से उबर नहीं पाए हैं.

भारत के खिलाफ सीरीज में विलियम वापसी नहीं कर पाएंगे. उम्मीद की जा रही है कि दिसंबर में वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वापसी कर सकते हैं. दायें हाथ से गेंदबाजी करने वाले विलियम ओ रूर्के लगातार चोटों से जूझते रहे हैं. वो कमर की समस्या के चलते पिछले साल नहीं खेल पाए थे. उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ वापसी की, लेकिन इंग्लैंड टूर पर फिर से चोटिल हो गए थे.

इस विषय पर न्यूजीलैंड के हेड कोच रॉब वॉल्टर ने कहा, ÷यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विलियम भारत के खिलाफ बेहद महत्वपूर्ण सीरीज में नहीं खेल पाएंगे. उनकी वनडे और टेस्ट टीम में वापसी होने वाली थी, लेकिन विचार के बाद सभी की सहमति यही बनी कि फिलहाल उन्हें आराम दिया जाना ही सही होगा.÷

कोच वॉल्टर ने कहा कि अगले कुछ महीने गेंदबाजी लाइन-अप की दृष्टि से बहुत अहम रहने वाले हैं, इसलिए टीम मैनेजमेंट विलियम को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहता है. पूरी फिटनेस प्राप्त करने के बाद ही उन्हें टीम में वापस लाया जाएगा. न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी. न्यूजीलैंड खेमा उम्मीद लगाए बैठ है कि विलियम ऑस्ट्रेलियाई चुनौती के खिलाफ मैदान में उतर पाएंगे.

न्यूजीलैंड के लिए मुसीबतें लगातार बढ़ती जा रही हैं.

रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि से किसानों में उत्साह, धान के बाद खाली खेतों में दलहन-तिलहन उगाने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन सीजन 2027-28 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में की गई वृद्धि से जिले के किसानों को दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती के लिए नया संबल मिला है। विशेष रूप से सरसों और मसूर के दामों में हुई उल्लेखनीय वृद्धि को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे धान की कटाई के बाद खेतों को खाली न छोड़ें, बल्कि द्वि-फसली चक्र अपनाकर अपनी वार्षिक आय में बढ़ोतरी करें।



जिले में 89 हजार हेक्टेयर खाली भूमि पर द्वि-फसली खेती से आमदनी बढ़ाने की तैयारी में जुटा कृषि विभाग

सरसों और मसूर के समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय उछाल

घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार सरसों का एमएसपी 6,200 रुपये से बढ़ाकर 6,613 रुपये प्रति क्विंटल और मसूर का एमएसपी 7,000 रुपये से बढ़ाकर 7,390 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। इसके अतिरिक्त चना, कुसुम, जौ और गेहूं के समर्थन मूल्य में भी बढ़ोतरी की गई है। इस निर्णय से किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलेगी और लाभकारी मूल्य की गारंटी सुनिश्चित होगी।

पीएम-आशा योजना के तहत 15 दिनों में होगा भुगतान

दलहन और तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए जिले के सभी विकासखंडों में उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। पीएम-आशा योजना के तहत किसान चना, मसूर, सरसों और अरहर जैसी फसलों को पंजीकृत कराकर समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे। व्यवस्था के अनुसार गुणवत्ता परीक्षण और खरीदी के 15 दिनों के भीतर किसानों के बैंक खातों में राशि का अंतरण कर दिया जाएगा। जिससे उन्हें तुरंत कार्यशील पूंजी उपलब्ध होगी।

जिले में लगभग 1.72 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान बोया जाता है, लेकिन इसके बाद रबी के सीजन में केवल 83 हजार हेक्टेयर भूमि पर ही फसल ली जाती है। शेष 89 हजार हेक्टेयर रकबा खाली रह जाता है। कृषि विभाग का मानना है कि खेत में बची नमी, स्थानीय संसाधनों और सिंचाई सुविधाओं के अनुरूप यदि किसान चना, मसूर, सरसों, तिवड़ा, अलसी या गेहूं की बुआई करें, तो जिले का द्वि-फसली रकबा बढ़ने के साथ-साथ किसानों की आय में भारी इजाफा होगा।

फसल विविधीकरण की ओर बढ़ रहे प्रगतिशील कृषक

छुरिया विकासखंड के ग्राम गेरूघाट निवासी कृषक लखन सुकालु गोंड (2 हेक्टेयर) और कान्हारपुरी के किसान गणेश जोशी (1 हेक्टेयर) ने धान के बाद सरसों की खेती अपनाई है। इन किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य में वृद्धि और उपार्जन केंद्रों की सुविधा से तिलहन फसलों के प्रति उनका भरोसा मजबूत हुआ है।

कांग्रेस नेता आसिफ अली ने डीआरएम से अंडरब्रिज निर्माण में तेजी लाने की मांग रखी

राजनांदगांव (दावा)। पटरी पार के कांग्रेस नेता आसिफ अली ने डीआरएम से अंडरब्रिज के काम में तेजी लाने मांग की। उन्होंने बताया कि तीन माह पहले लगातार आंदोलन किया था। अक्टूबर में काम शुरू करने लिखित आश्वासन मिला था। अक्टूबर माह लगते ही रेलवे अफसरों से संपर्क कर रहें है। उन्होंने डीआरएम को बताया कि अंडरब्रिज निर्माण की धीमी गति के कारण रेलवे ओवरब्रिज पर बढ़े ट्रैफिक दबाव, आए दिन जाम और हादसे होने की समस्या से अवगत कराया। पटरीपार दर्जनभर से ज्यादा वार्ड की करीब 70 हजार से ज्यादा आबादी परेशान है।



अंडरब्रिज से निकाला बारिश का पानी, मिट्टी से नमी कम होते ही तेजी होगा काम डीआरएम ने स्टेशन पारा और गौरीनगर के निर्माणाधीन अंडरब्रिज का किया निरीक्षण

नागपुर मंडल के डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता ने गुरूवार शाम स्टेशन पारा और गौरी नगर के निर्माणाधीन अंडरब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां रेलवे अंडरब्रिज में जमा बारिश के पानी की पंप लगा कर निकासी कर चुका है। मिट्टी से नमी कम होने और जमीन पूरी तरह से सूखने के बाद काम में तेजी जाएगी। सप्ताहभर का समय लगेगा। कांक्रीट की सुरंग पुश करने का काम शुरू होकर तेजी से चलेगा। डीआरएम ने राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में रिनोवेशन के काम का निरीक्षण कर समय पर गुणवत्ता से काम करने निर्देशित किया है। कांग्रेस नेता संतोष पिल्ले, पार्षद छोटेलाल रामटेके, रेलवे स्टेशन प्रबंधक आरके बर्मन सहित रेलवे के सभी विभागो के अफसर बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कन्हारपुरी बाईपास का नाम मंदराजी दाऊ के नाम पर करने से कलाकारों में हर्ष

मितान लोक कलाकार कल्याण संघ ने महापौर का जताया आभार



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में सीआईटी कॉलेज से शुरू होने वाले कान्हारपुरी बाईपास रोड का नामकरण नाचा के शीर्ष पुरुष मंदराजी दाऊ के नाम पर करने पर मितान लोक कलाकार कल्याण संघ ने महापौर मधुसूदन यादव का आभार व्यक्त किया है।

कन्हारपुरी बाईपास रोड का नामकरण मंदराजी दाऊ के नाम पर होने से समूचे छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि सीआईटी तिराहे के पास विशाल चौक का निर्माण होने पर मितान लोक कलाकार कल्याण संघ के अध्यक्ष राजेश मारू के नेतृत्व में सर्वप्रथम कलाकारों ने चौक का नाम मंदराजी दाऊ के नाम पर करने के लिए ज्ञापन सौंपा था। चौक के नामकरण ने तकनीकी समस्या आने पर मितान लोक कलाकार कल्याण संघ ने महापौर से बाईपास का नाम मंदराजी दाऊ के नाम पर करने का आग्रह किया था समय समय पर महापौर का ध्यान आकृष्ट कराते रहे। मितान की पहल का सम्मान करते हुए शुक्रवार को नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक में कन्हारपुरी बाईपास रोड का नामकरण मंदराजी दाऊ के नाम पर करने का निर्णय लिया गया।

कलाकारों ने कहा है कि बाईपास रोड का नामकरण मंदराजी दाऊ के नाम पर करना छत्तीसगढ़ के समस्त लोककला साधकों का सम्मान है।

केसीजी में संयुक्त जिला कार्यालय भवन का निर्माण प्रगति पर

खैरागढ़ (दावा)। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नवगठित खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने की दिशा में संयुक्त जिला कार्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विकासखण्ड खैरागढ़ में प्रस्तावित इस भवन के निर्माण के लिए 15 मार्च 2024 को 1875.58 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग, संभाग खैरागढ़ द्वारा किया जा रहा है।

संयुक्त जिला कार्यालय भवन के निर्माण का उद्देश्य जिले के विभिन्न विभागों के कार्यालयों को एकीकृत परिसर में उपलब्ध कराना है। भवन के पूर्ण होने के बाद विभिन्न शासकीय विभागों के कार्यालय एक ही स्थान पर संचालित होंगे। इससे जिले के नागरिकों को अलग-अलग विभागों के कार्यालयों में जाने के लिए अनावश्यक आवागमन नहीं करना पड़ेगा और शासकीय योजनाओं, सेवाओं एवं विभागीय कार्यों से संबंधित जानकारी और प्रक्रियाओं के लिए एक ही परिसर में सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

0 नए भवन में विभागीय कार्यालयों के एक साथ संचालित होने से प्रशासनिक समन्वय को भी बेहतर बनाने में मदद मिलेगी विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच समन्वय से नागरिकों से जुड़े कार्यों के संचालन में सुविधा होगी। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हो सकेगा।



एक ही छत के नीचे संचालित होंगे विभिन्न विभागों के कार्यालय, आमजन को शासकीय कार्यों के लिए मिलेगी बेहतर सुविधा

जिले के नागरिकों के लिए संयुक्त जिला कार्यालय भवन केवल एक कार्यालय परिसर नहीं, बल्कि विभिन्न शासकीय सेवाओं तक सुगम पहुंच का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा भवन के पूर्ण होने से प्रमाण-पत्र, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, विकास योजनाओं सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यों के लिए नागरिकों को व्यवस्थित कार्यालयीन सुविधा उपलब्ध होगी। इससे समय और श्रम की बचत के साथ शासकीय सेवाओं तक पहुंच भी अधिक सुविधाजनक होगी।

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के गठन के बाद प्रशासनिक एवं आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने की दिशा में संयुक्त जिला कार्यालय भवन का निर्माण महत्वपूर्ण कार्य है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह कार्यालय परिसर जिले की प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप शासकीय कार्यों के संचालन के लिए एक सुव्यवस्थित केंद्र के रूप में विकसित होगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष....

सीजेपी प्रदर्शनः पूर्व मुख्यमंत्री ममता....

उनके साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कई नेताओं को भी हिरासत में लिए जाने की खबर है। इनमें पार्टी के महासचिव एमए बेबी, एमवी गोविंदन मास्टर, ए. विजयराघवन, केके शैलजा, सांसद जॉन ब्रिटास, बृंदा करात और पीके श्रीमती शामिल हैं।

अभिजीत दिपके की मां बोली-सरकार....

सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए था। आप बलात्कार करने वालों को इतनी जल्दी गिरफ्तार नहीं कर पाते, फिर भी ये युवा देश के लिए काम कर रहे हैं। आप उन्हें कैसे गिरफ्तार कर सकते हैं? सरकार के लोगों ने गलत काम किया है। वह नौजवान देश के लिए अच्छा काम कर रहा है। सरकार गलत काम कर रही है। अंबेडकरवादी लोग उन्हें सबक सिखाएंगे और उन्हें उनके कामों का नतीजा दिखाएंगे। भगवान ने कहा, यह भारत के इतिहास की पहली घटना है जब किसी छात्र को गिरफ्तार किया गया है। एक छात्र जो लोकतंत्र को बचाने की कोशिश कर रहा था, उसे हिरासत में ले लिया गया, वह भी हवाई जहाज में। मुझे नहीं लगता कि भारत में अब लोकतंत्र बचा है। जो थोड़ी-बहुत लोकतंत्र की झलक दिखती भी है, उसे भी वे पूरी तरह कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। वे बाकी सभी राजनीतिक पार्टियों को खत्म करना चाहते हैं।

वोट चोरी विवादः 'आपको सिस्टम पर....

उनमें फर्जी वोट डालने और मतदाताओं को मतदान से रोकने जैसी घटनाएं सामने आती थीं। पत्र में कहा गया, हम जानते हैं कि धांधली वाला चुनाव कैसा होता है। हमने उन दिनों में काम किया है, जिनके बारे में आप सिर्फ फिल्मों में जानते हैं। समूह ने बूथों पर हथियारबंद लोगों की मौजूदगी, बाहुबलियों के प्रभाव और मतपेटियों से छेड़छाड़ जैसी घटनाओं का उल्लेख किया। अधिकारियों के मुताबिक, बूथ कैप्चरिंग की समस्या से निपटने के लिए 1989 में इसे अपराध घोषित किया गया था। उनका तर्क है कि चुनावी व्यवस्था में समय के साथ कई सुरक्षा उपाय विकसित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना है।

0 बिहार चुनाव का दिया उदाहरण, SIR विवाद के बीच ECI की प्रक्रिया का बचावः पत्र में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का उदाहरण देते हुए चुनावी व्यवस्था में आए बदलावों का उल्लेख किया गया। पूर्व अधिकारियों ने दावा किया कि राज्य में पहली बार किसी सीट पर दोबारा मतदान की जरूरत नहीं पड़ी और 1951 के बाद सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया। उन्होंने महिला मतदाताओं की भागीदारी को भी महत्वपूर्ण बताया। पत्र के अनुसार, चुनावी प्रक्रिया में कई स्तरों पर निगरानी की व्यवस्था है। उम्मीदवारों के एजेंट मतदान केंद्रों पर मौजूद रहते हैं और मतदान के बाद दर्ज वोटों का रिकॉर्ड प्राप्त करते हैं। श्वड्डरू को एजेंटों की मौजूदगी में सील किया जाता है और स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाता है, जहां उम्मीदवारों के प्रतिनिधि निगरानी कर सकते हैं। समूह ने पेपर स्लिप और मशीन में दर्ज मतों के मिलान की व्यवस्था को भी सुरक्षा उपायों में शामिल बताया। उनका कहना है कि इतने व्यापक स्तर पर चुनावी धांधली करने के लिए अनेक अधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मिलीभगत जरूरी होगी। पत्र में समूह ने दावा किया कि इस तरह की किसी व्यापक साजिश को अब तक साबित नहीं किया गया है

राहुल गांधी का पीएम मोदी-आरएसएस....

हुए कहा कि उन्हें उन पर गर्व है। उन्होंने युवाओं से अपना विरोध जारी रखने की अपील की और कहा कि वे उनके साथ खड़े हैं। राहुल गांधी ने यह संदेश ऐसे समय में साझा किया है, जब दिल्ली में सीजेपी के प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म है। उनके इस वीडियो और पोस्ट में केंद्र सरकार, आरएसएस और संवैधानिक संस्थाओं से जुड़े लोगों पर तीखे राजनीतिक आरोप लगाए गए हैं.

आप की परछाई है सीजेपी, लोगों ने....

सीजेपी। सीजेपी, आम आदमी पार्टी की शैडो बॉक्सिंग करती है। उन्होंने कहा, सुबह से उनका नाटक चल रहा था, बाद में फिर अरविंद केजरीवाल और बाकी लोग आ गए। फिर ममता जी ने सोचा कि हम क्यों पीछे रहें, तो वो भी आ गई और फिर सीपीआई और सीपीएम भी चले आए। ये हारे हुए हताश लोग पिछले 3-4 दिन से दिल्ली की जनता को परेशान कर रहे हैं और सड़क के प्रदर्शन को हथियार बना रहे हैं। हमें गर्व है, हिंदुस्तान की जनता पर कि उन्होंने इनके इस षड्यंत्र को असफल किया है। लोकतंत्र की शालीनता, जनता का आशीर्वाद, अराजकता पर विजयी हुआ है।

अमेरिकी चुनाव से पहले....

टन और फिर 10 लाख टन डीजल की आपूर्ति की जाएगी। ट्रम्प के मुताबिक, अगर सबकुछ ठीक रहा तो आगे चलकर 30 लाख टन डीजल भी भेजा जा सकता है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने पुतिन का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कम कीमतें, खासकर अमेरिकी किसानों, पशुपालकों और ट्रक चालकों के लिए, उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं। 0 जेलेंस्की बोले- डील से रूस को युद्ध लंबा खींचने में मदद मिलेगीः यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस से डीजल खरीदने के समझौते की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इससे पुतिन की युद्ध लड़ने की ताकत बढ़ेगी और रूस ज्यादा आक्रामक हमले कर सकेगा। जेलेंस्की के मुताबिक, इस समझौते से रूस को युद्ध लंबा खींचने, ज्यादा लोगों की जान लेने और दुनिया को नुकसान पहुंचाने में मदद मिलेगी। जेलेंस्की का यह बयान ऐसे समय आया है, जब यूक्रेन के वार्ताकार रूस के साथ युद्ध खत्म करने के लिए अमेरिका के फ्लोरिडा में अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे।

सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर ज्ञात-अज्ञात पितरों का हुआ तर्पण, गायत्री शक्तिपीठ में गूंजे वैदिक मंत्र



राजनांदगांव (दावा)। आश्विन (क्वांर) माह के कृष्ण पक्ष की सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर समूचे अंचल में पितरों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और आस्था का माहौल रहा। पितृपक्ष के अंतिम दिन नागरिकों ने अपने परिवार के समस्त ज्ञात एवं अज्ञात पूर्वजों का पुण्य स्मरण करते हुए तिल, अक्षत और पुष्प अर्पित कर विधि-विधान से जल तर्पण किया तथा उनकी आत्मा की शांति व मोक्ष की प्रार्थना की। इस अवसर पर शहर के किसान नेता अशोक चौधरी ने बताया कि परिजनों ने पूर्वजों की तिथि अनुसार श्राद्ध करने के उपरांत सर्व पितृ अमावस्या पर सामूहिक रूप से समस्त ज्ञात-अज्ञात पितरों के निमित्त श्रद्धापूर्वक तर्पण किया। दिनभर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के नदी घाटों, सरोवरों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर तर्पण व पिंडदान करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

सर्व पितृ अमावस्या पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक सामूहिक श्राद्ध तर्पण एवं विशेष शांति पाठ का आयोजन किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार की वैदिक परंपरा के अनुरूप पुरोहितों के मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पिंडदान व तर्पण संपन्न किया। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या तथा वरिष्ठ नागरिक नंद किशोर सुरजन ने गरिमामय व सुव्यवस्थित अनुष्ठान की सराहना करते हुए कहा कि वैदिक रीति से किया गया यह कार्य आत्मिक शांति व पितृ ऋण से मुक्ति का श्रेष्ठ माध्यम है। इस पुनीत अनुष्ठान में शक्तिपीठ के वरिष्ठ कार्यकर्ता सालिकराम साहू, डॉ. देवेंद्र साहू, गौतम देवांगन, डॉ. दूलेश्वर साहू, राजकुमार चौरसिया, गायत्री सिंह, श्रीमती भारती सिंह सहित बड़ी संख्या में साधक, प्रज्ञा परिजन व मातृशक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विश्व शांति व जनकल्याण की सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ।

शक्तिधाम में प्रज्ज्वलित होंगी 91 मनोकामना ज्योत, 15 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा



राजनांदगांव (दावा)। क्वांर नवरात्रि पर्व पर बाबूटोला (वार्ड क्रमांक 1) स्थित शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम महाकाली मंदिर में इस वर्ष 91 मनोकामना ज्योत कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। हर वर्ष की तुलना में इस बार भक्तों की संख्या और धार्मिक उत्साह में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है। मंदिर प्रमुख हरीश यादव ने बताया कि इस बार गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने तथा उनके संरक्षण व संवर्धन के प्रति जन-जागरण के उद्देश्य से आश्रम परिसर में तीन दिवसीय कामधेनु महायज्ञ एवं गौ कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिले में पहली बार हो रहे इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। 15 अक्टूबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसके बाद 16 से 18 अक्टूबर तक कामधेनु महायज्ञ एवं गौ कथा संपन्न होगी। महायज्ञ से जन-जन को जोड़ने के लिए एक मुट्ठी चावल का दान, गौ माता का सम्मान अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए गठित आयोजन समिति मातृशक्ति के सहयोग से शहर के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर चावल एकत्रित कर रही है। इस पुनीत कार्य में स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। मंदिर समिति के अनुसार, आश्रम में स्थानीय श्रद्धालुओं के अलावा दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, उत्तर प्रदेश तथा वनांचल क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित कराने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा, पेयजल, स्वच्छता एवं सुगम दर्शन व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आयोजन को सफल बनाने में स्वयंसेवकों की टीम सक्रियता से जुटी हुई है।

सांसद संतोष पाण्डेय ने किया नवीन कन्या महाविद्यालय व लाईवलीहुड संस्थान का भूमिपूजन



खैरागढ़ में कन्या महाविद्यालय व नवीन लाइवलीहुड संस्थान के भवन निर्माण की रखी आधारशिला, स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम में टीबी मुक्त पंचायतों का सम्मान

खैरागढ़ (दावा)। जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में गुरुवार को शिक्षा, आजीविका और स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांसद संतोष पाण्डेय ने खैरागढ़ में शासकीय कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन तथा जिले में स्थापित नवीन लाइवलीहुड संस्थान के भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सांस्कृतिक भवन, खैरागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का सम्मान, अंगदान एवं नेत्रदान के लिए प्रशस्ति-पत्र वितरण तथा प्रेसबायोपिक चश्मों का वितरण किया गया।

दोनों प्रमुख भवन निर्माण कार्यों की कुल लागत 877.09 लाख रुपये यानी करीब 8.77 करोड़ रुपये है। शासकीय कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ के नवीन भवन निर्माण की लागत 465.84 लाख रुपये है। सांसद संतोष पाण्डेय ने इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। नए भवन के निर्माण से महाविद्यालय की छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

4.11 करोड़ की लागत से बनेगा नवीन लाइवलीहुड संस्थान

इसी क्रम में जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में स्थापित नवीन लाइवलीहुड संस्थान के भवन निर्माण का भी भूमिपूजन सांसद संतोष पाण्डेय ने किया। इसकी लागत 411.25 लाख रुपये है। संस्थान के नए भवन से जिले में आजीविका, कौशल विकास एवं रोजगारपरक गतिविधियों को बेहतर संस्थागत आधार मिलने की उम्मीद है।

सांसद बोले बेटियों की शिक्षा और युवाओं के कौशल पर विशेष जोर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि किसी क्षेत्र का विकास केवल भवनों और अधोसंरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इन सुविधाओं के माध्यम से नई पीढ़ी के लिए अवसरों का निर्माण करना ही वास्तविक विकास है। उन्होंने कहा कि शासकीय कन्या महाविद्यालय का नया भवन क्षेत्र की बेटियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सांसद ने नवीन लाइवलीहुड संस्थान के भवन को युवाओं के भविष्य से जोड़ते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ कौशल विकास और रोजगारपरक प्रशिक्षण भी आवश्यक है। संस्थान के माध्यम से युवाओं को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण और आजीविका के नए अवसर मिल सकेंगे।

स्वास्थ्य कार्यक्रम में टीबी मुक्त पंचायतों का सम्मान

सांस्कृतिक भवन में आयोजित स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही अंगदान एवं नेत्रदान के क्षेत्र में योगदान देने वालों को प्रशस्ति-पत्र दिए गए तथा जरूरतमंदों को प्रेसबायोपिक चश्मों का वितरण किया गया। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सरकार के प्रयासों के साथ जनभागीदारी भी आवश्यक है। टीबी उन्मूलन, अंगदान और नेत्रदान जैसे विषयों पर समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व सभापति घम्मन साहू, जिला मुख्य आयुक्त स्काउट गाइड एवं सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रेम नारायण चंद्राकर, खम्हन ताम्रकार, नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य अरुणा बनाफर, भुवनेश्वरी देवांगन, ललित चोपड़ा, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, बिशेसर दास साहू, भाजपा महामंत्री नवनीत जैन, शशांक ताम्रकार, शैलेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, आयश सिंह बोनी, विक्रांत चंद्राकर, हेमू साहू, आलोक श्रीवास, विकेश गुप्ता, मोनिका रजक, पुष्पा सिंदूर, विनय देवांगन,उत्तम दशरिया, शिशिर मिश्रा, रूपेंद्र रजक, मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से कुलपति डॉ. लवली शर्मा, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनिल शुक्ला, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पुनीत वर्मा तथा बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स विकासखंड का सदस्यता अभियान शुरू

साधारण सदस्यता के लिए 1100 और आजीवन सदस्यता हेतु 2100 रुपये शुल्क निर्धारित
बीईओ कार्यालय में जमा होंगे आवेदन, विकासखंड का कोई भी नागरिक ले सकता है सदस्यता

राजनांदगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ राजनांदगांव के अंतर्गत विकासखंड राजनांदगांव का सदस्यता अभियान प्रारंभ हो गया है। यह अभियान 21 अक्टूबर 2026 तक संचालित रहेगा।

संस्था से जुड़ने के इच्छुक नागरिक निर्धारित शुल्क जमा कर विकासखंड संघ की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी संशोधित प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, संस्था में सदस्यता हेतु साधारण सदस्य के लिए 1100 रुपये तथा आजीवन सदस्य के लिए 2100 रुपये की राशि तय की गई है। विकासखंड राजनांदगांव क्षेत्र का कोई भी नागरिक इस अभियान के तहत सदस्यता प्राप्त कर सकता है। 21 अक्टूबर शाम 4 बजे तक जमा होंगे फॉर्म। इच्छुक व्यक्ति 21 अक्टूबर 2026, बुधवार को शाम 4:00 बजे तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, राजनांदगांव में सहायक ग्रेड-02 श्रीमती पुष्पा बाघमारे के पास सदस्यता फॉर्म एवं निर्धारित राशि जमा कर सकते हैं। सदस्यता अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए विकासखंड संघ सचिव तिलेश्वर बघेल से उनके मोबाइल नंबर 9479218818 पर संपर्क किया जा सकता है।

छुईखदान जनपद में अराजपत्रित कर्मचारी को प्रभारी सीईओ और डीडीओ पावर देने पर विवाद

जनपद सदस्यों ने मंत्री, संचालक व कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करने शासन से मांगा मार्गदर्शन; निर्माण कार्यों और खरीदी में भी गड़बड़ी के आरोप



तृतीय श्रेणी कर्मचारी को वित्तीय व प्रशासनिक दायित्व सौंपने के औचित्य पर उठे गंभीर कानूनी सवाल, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर 16 सदस्यों का विरोध

खैरागढ़ (दावा)। जनपद पंचायत छुईखदान में अराजपत्रित तृतीय श्रेणी कर्मचारी केश्वरी देवांगन को प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) बनाए जाने और आहरण-संवितरण अधिकारी (डीडीओ) के वित्तीय अधिकार सौंपे जाने का मामला प्रशासनिक और कानूनी विवादों में घिर गया है। महत्वपूर्ण शासकीय संस्थान की कार्यकारी बागडोर एक तृतीय श्रेणी कर्मचारी को सौंपे जाने के आदेश की वैधानिकता पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले को लेकर जनपद पंचायत के लगभग 16 सभापतियों एवं सदस्यों ने मोर्चा खोलते हुए कर्मचारी को तत्काल प्रभार से हटाने और वित्तीय शक्तियां वापस लेने की मांग की है।

नियमों की अनदेखी का आरोप, डीडीओ पावर पर गंभीर संशय

जनपद सदस्यों का कहना है कि किसी अराजपत्रित तृतीय श्रेणी कर्मचारी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैसा महत्वपूर्ण पद और सरकारी धन के आहरण व भुगतान से जुड़े डीडीओ अधिकार सौंपना पंचायत सेवा नियमों तथा वित्तीय नियंत्रण के प्रावधानों के विपरीत है। सदस्यों ने सवाल उठाया है कि क्या इस नियुक्ति के लिए सक्षम प्राधिकारी का विधिवत आदेश जारी हुआ है और क्या वित्तीय शक्तियों का स्पष्ट प्रत्यायोजन नियमानुकूल है? मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन खैरागढ़ ने शासन (रायपुर) को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा है, जिससे मूल आदेश और नियमों की स्थिति स्पष्ट हो सके।

जनपद के कांग्रेस और भाजपा समर्थित 16 सदस्यों ने एकजुट होकर पंचायत मंत्री, पंचायत संचालक, जिला पंचायत सीईओ और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से नीना ताम्रकार, रमेश साहू, रिखी पटेल, रीना यदु, मंगलबती ध्रुव और कौशल ठाकरे शामिल हैं। सदस्यों ने दो-टूक कहा है कि आदेश की तत्काल समीक्षा कर पद की गरिमा और नियमों के अनुरूप पात्र अधिकारी को दायित्व सौंपा जाए।

निर्माण कार्यों और जेम पोर्टल खरीदी में भी अनियमितता की शिकायत

प्रभार के अलावा संबंधित कर्मचारी की कार्यप्रणाली को लेकर भी कई शिकायतें सामने आई हैं। इनमें पीएम-जनमन योजना के तहत अधूरे आंगनबाड़ी भवन का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने, ट्राई-साइकिल खरीदी और जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्रियों की खरीद में प्रक्रियागत गड़बड़ियों के आरोप शामिल हैं। इसके साथ ही जनपद पंचायत भवन की मरम्मत से जुड़े लगभग 10.24 लाख रुपये के कार्यों, वाटर कूलर, कुर्सियों की खरीदी और वृक्षारोपण से संबंधित मामलों में भी जांच की मांग उठाई गई है। अब इस मामले में सबकी नजरें शासन के रुख पर टिकी हैं कि क्या तृतीय श्रेणी कर्मचारी को दिया गया यह प्रभार और वित्तीय अधिकार निरस्त किए जाएंगे या प्रशासन इसका कोई नियमसम्मत आधार प्रस्तुत करेगा।

बिहान से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं ग्रामीण महिलाएं, आमसभा में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव



महिलाओं की भागीदारी से मजबूत होगा ग्रामीण विकास, किरण रविन्द्र वैष्णव ने गांव की महिलाओं से किया संवाद

छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत महाराजपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों एवं ग्राम संगठनों द्वारा आयोजित ग्राम संगठन सम्मेलन में जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत राजनांदगांव सभापति श्रीमती अनीता मंडावी ने की साथ ही इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया सभापति श्रीमती उत्तरा निषाद, जनपद पंचायत छुरिया सदस्य श्रीमती चुनिया बाई कंवर, श्रीमती क्षमा तिवारी संरपंच ग्राम पंचायत महाराजपुर, टीकम दास साहू ग्राम पटेल,श्रीमती नीपा साहू अध्यक्ष ग्राम संगठन, श्रीमती चुत्री कंवर कोषाध्यक्ष, श्रीमती मंजू बाई कंवर कोषाध्यक्ष, श्रीमती शारदा कंवर, श्रीमती मिथलेश कंवर, श्रीमती सकिला बाई कंवर, श्रीमती लता साहू समेत महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों से संवाद करते हुए उनके कार्यों, आजीविका गतिविधियों एवं समूह के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं का संगठित होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना गांव के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने महिलाओं को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने, स्वरोजगार एवं आजीविका के नए अवसरों से जुड़ने तथा अपने समूहों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय सहभागिता से ही गांव के विकास को नई गति मिल सकती है।

साथ ही कार्यक्रम को जिला पंचायत सभापति श्रीमती अनीता मंडावी जनपद पंचायत छुरिया सभापति श्रीमती उत्तरा निषाद व जनपद सदस्य श्रीमती चुनिया बाई कंवर व सरपंच श्रीमती क्षमा तिवारी व ग्राम पटेल ने भी संबोधित किया। ग्राम संगठन सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन, आजीविका संवर्धन एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला समूहों की सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

राहुल नगर के शारदा भवन में पेयजल समस्या दूर, विधायक निधि से हुआ बोरवेल खनन



पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर के प्रयासों से मिली सौगात, वार्डवासियों ने डॉ. रमन सिंह और महापौर मधुसूदन यादव का जताया आभार

राजनांदगांव (दावा)। शहर के लखोली वार्ड क्रमांक 32 स्थित राहुल नगर के हृदय स्थल शारदा भवन प्रांगण में पेयजल की समस्या को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह की विधायक निधि से यहां बोरवेल खनन का कार्य संपन्न कराया गया है। लंबे समय से पेयजल की समस्या का सामना कर रहे वार्डवासियों और शारदा भवन में आयोजित होने वाले विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़े लोगों को इससे राहत मिलने की उम्मीद है।

इस कार्य के पूर्ण होने पर वार्डवासियों ने डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव तथा इस दिशा में प्रयास करने वाले जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। राहुल नगर स्थित शारदा भवन क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण सामाजिक केंद्र है। यहां वार्डवासियों द्वारा समय-समय पर सामाजिक, वैवाहिक, धार्मिक एवं अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रहती है। ऐसे में भवन परिसर में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से वैवाहिक समारोहों और अन्य बड़े आयोजनों के दौरान पानी की आवश्यकता अधिक होने के कारण इस समस्या का समाधान जरूरी हो गया था। शारदा भवन में पेयजल की समस्या को देखते हुए वार्ड पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर ने पहल करते हुए पत्र के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव तथा भाजपा के पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया था। उन्होंने वार्डवासियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए शारदा भवन परिसर में बोरवेल खनन कराए जाने की मांग रखी थी ताकि यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। जनहित से जुड़ी इस मांग पर पहल करते हुए विधायक निधि से बोरवेल खनन का कार्य कराया गया। इससे वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। बोरवेल खनन के दौरान लगभग 180 फीट की गहराई पर पानी का भरपूर स्रोत मिलने के बाद भी खनन कार्य को आगे बढ़ाते हुए कुल 340 फीट तक गहराई की गई। इससे शारदा भवन परिसर में पेयजल की उपलब्धता बेहतर होने की उम्मीद है। बोरवेल खनन कार्य पूर्ण होने पर वार्डवासियों ने विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव और पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर के प्रति आभार व्यक्त किया। वार्डवासियों का मानना है कि क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के विकास कार्यों से आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलता है। शारदा भवन में पेयजल की व्यवस्था होने से यहां कार्यक्रम आयोजित करने वाले परिवारों, सामाजिक संगठनों और अन्य लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड क्रमांक 32 के राहुल नगर में शारदा भवन परिसर में बोरवेल खनन पूरा होने से क्षेत्रवासियों में संतोष है।

सौगात : चिंगली में मुक्तिधाम निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



बरसात के दिनों में समस्याओं से मिलेगी मुक्ति

खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चिंगली में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। गांव में सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम के निर्माण कार्य का शुभ भूमिपूजन कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस विकास कार्य की शुरुआत होने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी उत्साह और खुशी की लहर है। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य जमुना नरेश कुर्रे द्वारा की गई। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पीला बाई ज्ञानेंद्र वर्मा ने मंच साझा किया। अतिथियों का ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि ग्राम चिंगली के निवासी काफी समय से मुक्तिधाम निर्माण की मांग कर रहे थे। अंतिम संस्कार जैसी व्यवस्था में सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस निर्माण कार्य के पूर्ण हो जाने से विशेषकर बरसात के मौसम में ग्रामीणों को होने वाली भारी दिक्कतों और असुविधाओं से पूरी तरह निजात मिल जाएगी। क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं का विस्तार करना ही पहली प्राथमिकता है। मुक्तिधाम निर्माण की आधारशिला रखे जाने पर ग्रामवासियों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं अन्य अतिथियों का सहृदय आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विकेश गुप्ता, देवकुमार सेन, हरप्रसाद वर्मा, नरेश कुर्रे, प्रेमसागर गुप्ता, गणेश वर्मा, उत्तम वर्मा, ज्ञानेंद्र चंदेल, युवराज साहू, योगेश वर्मा, चित्ररेखा वर्मा, तरुण गुप्ता, कमलेश वर्मा, सन्तु वर्मा, लता वर्मा, मालती वर्मा, सरस्वती वर्मा, सरिता वर्मा, तामेश्वर सेन, रविलाल वर्मा, उषा वर्मा, थानसिंग वर्मा सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन से मां बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग की हालत खस्ता, सीएमओ के दखल के बाद जागा प्रशासन



○ पालिका अध्यक्ष व पूर्व विधायक के गृह वार्ड में बदहाल सड़क को लेकर स्थानीय लोगों और पदयात्रियों में रोष
○ नवरात्र मेले के मद्देनजर तत्काल होगा पैचवर्क, पर्व समापन के बाद किया जाएगा पक्का डामरीकरण : इंजीनियर दिनेश बडोनिया

डोंगरगढ़ (दावा)। रेलवे स्टेशन से मां बमलेश्वरी मंदिर जाने वाले मुख्य पहुंच मार्ग की हालत बेहद जर्जर और दयनीय बनी हुई है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे एवं पूर्व विधायक विनोद खांडेकर का गृह वार्ड होने के बावजूद इस प्रमुख मार्ग का क्षतिग्रस्त होना जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। मामले की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचने के बाद शासन-प्रशासन हरकत में आया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कार्यालय से निर्देश मिलते ही पीडब्ल्यूडी विभाग को तत्काल सड़क दुरुस्त करने के आदेश जारी किए गए हैं।

"दावा" की पड़ताल में खुली लीपापोती की पोल

"दावा" टीम द्वारा मौके की पड़ताल में पाया गया कि जिस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों रेलयात्री, पदयात्री और मां बमलेश्वरी के दर्शनार्थी गुजरते हैं, उस पर चलना दूभर हो चुका है। जगह-जगह बड़े और जानलेवा गड्ढे उभर आए हैं। हैरानी की बात यह है कि महज एक माह पूर्व ही नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग द्वारा लाखों रुपये खर्च कर गड्ढों की मरम्मत की गई थी, लेकिन गुणवत्ताहीन कार्य के चलते सड़क फिर से उखड़ गई। आगामी नवरात्र मेले के दौरान इसी मार्ग से होकर लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन होना है, जिससे हादसों की आशंका बनी हुई है।

सीएम के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी सक्रिय

शिकायत का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय ने लोक निर्माण विभाग को आड़े हाथों लिया और श्रद्धालुओं तथा आम नागरिकों की सुविधा के लिए मार्ग को फौरी तौर पर चलने लायक बनाने और इसके बाद स्थाई डामरीकरण के सख्त निर्देश दिए।

> *'मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। नवरात्र पर्व को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग की तत्काल उचित मरम्मत व पैचवर्क कराया जा रहा है ताकि आवागमन सुगम हो सके। नवरात्र पर्व संपन्न होते ही पूरे मार्ग पर व्यवस्थित डामरीकरण का कार्य कराया जाएगा।'*
> **दिनेश बडोनिया, इंजीनियर, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)**















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com